NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

# विजडम इंडिया

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 202 लखनऊ, मंगलवार 05 मार्च 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## मोदी सरकार का कदम सराहनीय, इससे करीब 6 करोड़ एमएसमी को लाभ होगा

एजेसी।

नई दिल्ली ऑल इंडिया एमएसएमई फेडरेशन के निर्देशानुसार जिन इकाइयों का पुराना भुगतान बकाया है, उन्हें अप्रैल, 2024 से जून, 2024 तक 90 दिन तक का भुगतान समय देने का अनुरोध है। कर भुगतान की अवधि बढ़ाने का अनुरोध है। आय की धारा 43बी(एच) के अनुसार 45 दिन से 60 दिन तक। ऑल इंडिया एमएसएमई फेडरेशन के प्रमुख मगनभाई पटेल ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और अन्य सम्बंधित केंद्रीय मंत्रियों को पत्र लिखकर आयकर की धारा ४३–बी (एच) के अनुसार ४५ दिनों के भीतर एमएसएमई को भुगतान के संबंध में एक बयान में कहा कि बजट २०२३ में एमएसएमई से की गई खरीदारी और भुगतान के नियम



को आयकर अधिनियम में शामिल कर के इस के लिए एक नई ध ाारा ४३बी (एच) को शामिल किया है जिसका ऑल इंडिया एमएसएमई फेडरेशन स्वागत करता है। ऑल इंडिया एमएसएमई फेडरेशन के निर्देशानुसार जिन इकाइयों का पुराना भुगतान बकाया है, उन्हें अप्रैल, २०२४ से जून,२०२४ तक यानी ६० दिन तक का भुगतान समय देने का अनुरोध है। आय की धारा ४३बी(एच) के अनुसार कर भुगतान की ४५ दिनों की अवधि को बढ़ाकर ६० दिन तक कर देने का अनुरोध है।छोटी इकाइयाँ जिनका टर्नओवर २.५ से ५ करोड़ के बीच है,उन्हें इस धारा में छूट दी जानी चाहिए यानी उन पर यह अधिनियम लागू नहीं होना चाहिए।आज देश में एमएसएमई के अलावा जिन इकाइयों का ५ से ६ महीने का भुगतान बकाया है, उन्हें उनकी आवश्यकता के अनुसार कार्यशील पूंजी को बढ़ा देने से इस कानून के कार्यान्वयन में आसानी होगी।जिन बैंक या वित्तीय संस्थानों में उनके खाते हैं,उन्हें उनके क्रेडिट रिकॉर्ड के आधार पर टेम्पररी ओवरड्राफ्ट देकर उनकी वर्किंग फेसिलिटी में राहत देनी चाहिए। श्री मगनभाई पटेलने एक मिडिया इंटरव्यू में बताया की जब मैं १९९४ से २००७ तक गुजरात राज्य लघु उद्योग महामंडल का अध्यक्ष था तब मैंने विलंब भुगतान अधिनियम के संबंध में कई सुझाव दिए, जिसके बाद दिनांक १६.१२.१९९४ को स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज ( ) की बोर्ड मिटिंग विज्ञान भवन, नई दिल्ली में केबिनेट मिनिस्टर की अध्यक्षता में विलंब भुगतान अधिनियम के संबंध में आयोजित की गई, जिस के उद्घाटन में उस समय के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय पी.वी.नरसिम्हा राव और केंद्रीय वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, वित्त सचिव श्री मोंटेक सिंह आहुवालिया उपस्थित थे। विलंब भुगतान अधिनियम के संबंध में मैंने इस बैठक से पहले जो प्रस्ताव रखा था, उसे इस बोर्ड मीटिंग के एजंडा में शामिल किया,जिसमें कई मुद्दे शामिल थे, जिनके आधार पर यह अधिनियम बनाया गया था। वर्ष १९९४ में अधि ानियम लागू होने के बाद से अब तक सरकारी और अर्ध–सरकारी संगठनों में ८० प्रतिशत और निजी क्षेत्र में ५० प्रतिशत कार्यान्वयन हुआ है।

## विकास प्राधिकरणों का उद्देश्य सुनियोजित, संतुलित और तीव्र विकास को दिशा देना– मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने सहारनपुर, मीरजापुर, बांदा, बस्ती, अमरोहा और फिरोजाबाद की महायोजना-2031 के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सरकारी आवास पर जनपद सहारनपुर, मीरजापुर, बांदा, बस्ती, अमरोहा और फिरोजाबाद की महायोजना–2031 के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया और नियोजित विकास के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास प्राधिकरणों का उद्देश्य सुनियोजित, संतुलित और तीव्र विकास को दिशा देना है। आम आदमी की सुविधा पर फोकस किया जाए। सभी विकास प्राधिकरणों को आय की नई सम्भावनाएं तलाशनी होंगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय शिल्पकला और परम्परागत उत्पादों को



प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किये जाएं। प्रतिमाओं की स्थापना चौराहों के स्थान पर पार्कों में करना उचित होगा। नगरों में यातायात प्रबन्धन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी–ऑटो स्टैण्ड और स्ट्रीट वेण्डर जोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित की जाए। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें।मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सहारनपुर 'देवभूमि का प्रवेश द्वार' है। विगत 06–07 वर्षों में यहां न केवल व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई है, बल्कि बेहतर होती कनेक्टिविटी और नगरीय सुविधाओं के कारण लोग यहां स्थायी निवास भी बना रहे हैं। सहारनपुर की महायोजना में औद्योगिक–व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास के लिए सुनियोजित प्राविधान रखे जाएं। सहारनपुर में वुड कार्विंग क्लस्टर के लिए स्थान चिन्हित करें। वर्तमान में जहां काष्ठ शिल्प का हब है, यह स्थान उससे बहुत दूर नहीं होना चाहिए। लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग हब के लिए भी स्थान चिन्हित किये जाएं। आमजन के लिए प्राधिकरण द्वारा नई आवासीय परियोजना की कार्ययोजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मीरजापुर में मां विन्ध्यवासिनी के पावन धाम के सौन्दर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। यहां नवस्थापित मेडिकल कॉलेज और राज्य विश्वविद्यालय को भी महायोजना में शामिल करें। भविष्य के मीरजापुर की आवश्यकताओं के दृष्टिगत मीरजापुर के विकास क्षेत्र का दायरा और अधिक बढ़ाया जाना चाहिए।

## सोरेन परिवार के लिए बढ़ीं मुश्किलें, खरीद-फरोख्त मामले में सीता सोरेन को मुकदमे का करना पड़ेगा सामना

एजेंसी

नई दिल्ली फैसले के तत्काल प्रभाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के अध्यक्ष शिबू सोरेन की सबसे बड़ी बहू सीता सोरेन को अब विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष मुकदमे का सामना करना होगा जो पहले से ही 2012 के विधायकों की खरीद–फरोख्त के मामले में गवाहों से पूछताछ कर रही है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने सोमवार को यह जानकारी दी।सुप्रीम कोर्ट के



1998 के जेएमएम रिश्वत मामले में अपने बहुमत के फैसले को खारिज करते हुए कि सांसदोंधविधायकों को वोट देने या सदन में एक विशेष तरीके से भाषण देने के लिए रिश्वत लेने पर अभियोजन से छूट है, ने शिबू सोरेन परिवार की समस्याओं को और बढ़ा दिया है। जो पहले से ही भ्रष्टाचार के कई मामलों का सामना कर रहा है। फैसले के तत्काल प्रभाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के अध्यक्ष शिबू सोरेन की सबसे बड़ी बहू सीता सोरेन को अब विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष मुकदमे का सामना करना होगा जो पहले से ही 2012 के विधायकों की खरीद–फरोख्त के मामले में गवाहों से पूछताछ कर रही है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने सोमवार को यह जानकारी दी। शिबू सोरेन के सबसे बड़े बेटे, दिवंगत दुर्गा सोरेन की विधवा सीता, वर्तमान में झारखंड विध ाानसभा में जामा सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं और विधायक के रूप में उनका तीसरा कार्यकाल है। सोरेन परिवार के लिए नई मुसीबत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ कार्रवाई के ठीक बाद आई है, जिन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी को राज्य की राजधानी में एक कथित भूमि घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। संघीय एजेंसी द्वारा जांच की गई। शिबू सोरेन खुद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत पर लोकायुक्त के समक्ष आय से अधिक संपत्ति के मामले का सामना कर रहे हैं। झामुमो प्रमुख ने इस कार्यवाही को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी। हेमंत सोरेन ने उसी दिन पद छोड़ दिया, जिस दिन उन्हें गिरफ्तार किया गया था और पार्टी उपाध्यक्ष चंपई सोरेन ने पिछले महीने झामुमो–कांग्रेस–राजद गठबंधन सरकार की बागडोर संभाली थी। हेमंत के छोटे भाई और दुमका विधायक बसंत सोरेन सरकार में परिवार के प्रतिनिधि के रूप में चंपई कैबिनेट में शामिल हुए हैं।

## ढांचागत सुविधाओं का निर्माण करने में महाराष्ट्र अग्रसर – मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

एजेंसी।

ठाणे। शिंदे ने कहा कि ठाणे जिले में अनेक जगहों पर राज्य सरकार के जरिये विकास कामों को किया जा रहा है। नानासाहेब धर्माधिकारी प्रतिष्ठान के सहयोग से स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अन्य विविध लोकोपयोगी उपक्रम चलाएं जा रहें है। उन्होंने आगे कहा कि अंबरनाथ में चिकित्सा महाविद्यालय मंजूर हुआ है और वहां पर अधिष्ठाता थी नियुक्त किये है। नागरिकों बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में देश में महाराष्ट्र अग्रसर है, यह प्रतिपादन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया। डोंबिवली स्थित मॉडर्न मॅटर्निटी होम व कॅन्सर अस्पताल का भूमिपूजन और विभिन्न विकासकार्यों का आभासी मंच के



द्वारा लोकार्पण मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों संपन्न हुआ, इस दौरान मुख्यमंत्री शिंदे बोल रहे थे। इस अवसर पर ठाणे जिले के पालकमंत्री शंभूराज देसाई, लोक निर्माणकार्य (सार्वजनिक उपक्रम को छोड़ कर) मंत्री रवींद्र चव्हाण, सांसद श्रीकांत शिंदे, विधायक रवींद्र फाटक आदि मान्यवर उपस्थित थे।शिंदे ने कहा कि ठाणे जिले में अनेक जगहों पर राज्य सरकार के जरिये विकास कामों को किया जा रहा है। नानासाहेब धर्माधिकारी प्रतिष्ठान के सहयोग से स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अन्य विविध लोकोपयोगी उपक्रम चलाएं जा रहें है। उन्होंने आगे कहा कि अंबरनाथ में चिकित्सा महाविद्यालय मंजूर हुआ है और वहां पर अधिष्ठाता थी नियुक्त किये है। कळवा स्थित अस्पताल के कार्डिओलॉजी, न्यूरोलॉजी विभाग कॅशलेस किया गया है। रेडियोलॉजी के माध्यम से जो इलाज होंगे, वह भी कम दर (माफक) दिए गए है। उसके लिए सांसद डॉ। श्रीकांत शिंदे ने निरंतर पहल करने का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री शिंदे ने उनका अभिनंदन किया है।

मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि महात्मा फुले जन स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत इसके पहले डेढ़ लाख तक उपचार की सीमा थी, जिसे बढ़ाकर अब पांच लाख तक उपचार लें सकेंगे। राज्य में प्रत्येक जिले में चिकित्सा महाविद्यालय निर्माण करने का निर्णय सरकार ने लिया माता सुरक्षित तो कुटुंब सुरक्षित इसके अंतर्गत चार करोड़ महिलाओं की स्वास्थ्य जाँच की गई है। केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना भी राज्य में चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री शिंदे के हाथों आभासी मंच के द्वारा डोंबिवली पश्चिम स्थित मासळी बाजार, डोंबिवली पूर्व स्थित महाराष्ट्र भूषण नानासाहेब धर्माधिकारी सभागृह, शास्त्रीनगर सामान्य अस्पताल स्थित पोस्ट मार्टमगृह (शवविच्छेदनगृह), नवजात शिशु अतिदक्षता विभाग (छप्ब्न्) सुनील नगर स्थित अभ्यासिका आदि विकास कामों का शुभारंभ किया गया।





## मंच से फूट–फूटकर रोने लगीं हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना, बोलीं– झारखंडी कभी झुकेगा नहीं

एजेंसी।

झारखंडी हेमंत सोरेन ने कहा कि जिन लोगों ने इतनी बड़ी साजिश रची और जिनकी वजह से उन्हें जेल जाना पड़ा, इससे पता चलता है कि ऐसे लोगों की मानसिकता कितनी छोटी और घृणित है। वो दिल्ली और मेरी सास दर्द में हैं क्योंकि वे अपने बेटे को याद कर रहे हैं। मैंने तय किया था कि मैं आंसुओं पर काबू पा लूंगी लेकिन...मुझे आपसे ऊर्जा मिल रही है। हेमंत सोरेन ने कहा कि जिन लोगों ने इतनी बड़ी साजिश रची और जिनकी वजह से उन्हें मजबूर कर दिया... आने वाले समय में आपको अपने मतदान के माध्यम से यह दिखाना होगा कि श्झारखंड कभी झुकेगा नहीं, झारखंडी कभी झुकेगा नहीं। इससे पहले कल, कल्पना सोरेन ने गिरिडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के




में तो जरूर बैठते हैं लेकिन दिल्लीवालों के अंदर दिल ध ाड़कता ही नहीं है। क्यों? झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन रांची में झामुमो के एक कार्यक्रम को संबोधित करते समय रो पड़ीं। भावुक कल्पना ने जब जेल में बंद अपने पति हेमंत के बारे में बोलना शुरू किया तो वह अपने आंसू नहीं रोक सकीं। उन्होंने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि मैं भारी मन से यहां खड़ा हूं। मेरे ससुर (शिबू सोरेन) जेल जाना पड़ा, इससे पता चलता है कि ऐसे लोगों की मानसिकता कितनी छोटी और घृणित है। वो दिल्ली में तो जरूर बैठते हैं लेकिन दिल्लीवालों के अंदर दिल धड़कता ही नहीं है। क्यों? क्योंकि यहां आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक रहते हैं जिन्हें वो कीड़े–मकौड़े मानते हैं। उन्हें लगता है कि वे कुछ भी कर सकते हैं। उनके आचरण से पता चलता है कि उनमें कितनी नफरत है, उन्होंने सीएम को अपने पद से हटने के लिए स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान श्सार्वजनिक जीवनश में प्रवेश करने के अपने फैसले की घोषणा की। पार्टी के एक पदाधिकारी ने बताया कि पार्टी ने अपने 51वें स्थापना दिवस को गिरिडीह के झंडा मैदान में श्आक्रोश दिवसश के रूप में मनाने का फैसला किया है। कल्पना ने रविवार को अपने ससुर और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन और सास रूपी से आशीर्वाद लिया।

## महुआ मोइत्रा की फिर बढ़ी टेंशन, ढ्ढफेमाठ्ठ उल्लंघन मामले में ईडी ने 11 मार्च को किया तलब

एजेंसी। नई दिल्ली मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने कहा कि मोइत्रा के खिलाफ फेमा के तहत मामला दर्ज किया गया है क्योंकि उसके पास अज्ञात सहित कुछ विदेशी लेनदेन के बारे में जानकारी है जिसकी अधिनियम के तहत जांच की जा रही है। वर्तन निदेशालय ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए टीएमसी नेता और निष्कासित लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा को 11 मार्च को नया समन जारी किया है। मोइत्रा को फेमा के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए 19 फरवरी को दिल्ली में एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन वह ऐसा करने में विफल रहीं और तीन सप्ताह का समय मांगा। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने कहा कि मोइत्रा के खिलाफ फेमा के तहत मामला दर्ज किया गया है क्योंकि उसके पास अज्ञात सहित कुछ विदेशी लेनदेन के बारे में जानकारी है जिसकी अधिनियम के तहत जांच की जा रही है।कथित कैश–फॉर–क्वेरी मामले के संबंध में प्रारंभिक जांच के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा पहले से ही मोइत्रा की जांच की जा रही है। एथिक्स पैनल द्वारा श्कैश–फॉर–क्वेरीश मामले में दोषी पाए जाने के बाद उन्हें लोकसभा के सदस्य के रूप में निष्कासित कर दिया गया था। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर उपहार के बदले बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी के कहने पर अडानी ग्रुप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाने के लिए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था।



विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


# भर्ती से लेकर तैनाती तक की पूरी प्रक्रिया में कहीं भी किसी प्रकार की अनियमित्ता नहीं होने दी जाएगी – स्वतंत्र देव सिंह

## निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती और स्थानांतरण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि नहरों की सफाई का विशेष ध्यान दें, बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में से संबंधित परियोजनाओं को समय से पूर्ण करायें। पूर्ण पारदर्शिता के साथ आपके द्वारा मांगे गए मनमाफिक जगह पर आपको तैनात किया जा रहा है इसलिए अपके कार्यों में कहीं भी कोई लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए। परिश्रम की पराकाष्ठा पर जाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। आप सभी स्वप्रेरणा से काम करें। नहरों मे टेल तक पानी की पहुंच सुनिश्चित करायें। आप सभी अपने कर्तव्य का निर्वाहन अच्छे से करिए और अन्नदाता किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में अपना योगदान दें।

उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री ने यह बातें आज यहां तेलीबाग स्थित परिकल्प भवन के सभागार में सहायक अभियंता (सिविल) के ऐक्षिक विकल्प चयन आधारित पारदर्शितापूर्ण स्थानांतरण कार्यक्रम में कहीं। ऐच्छिक विकल्प चयन आधारित पारदर्शी स्थानांतरण प्रक्रिया के माध्यम से कुल 928 सहायक अभियंताओ (सिविल) के स्थानांतरण हेतु उनके ऐच्छिक विकल्प लिए गए है, जिनके आधार पर स्थानांतरण आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया में ना पक्षपात है और ना ही भ्रष्टाचार का कोई स्थान। भर्ती और पदस्थापना से लेकर स्थानांतरण तक सभी प्रक्रिया व्यवस्थित एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न हो रही है। समस्त अभियंता कार्यभार ग्रहण करने के अगले क्षण से ही अपने क्षेत्र के किसानों की खुशहाली के लिए काम करें। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती और स्थानांतरण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। भर्ती से लेकर तैनाती तक की पूरी प्रक्रिया में कहीं भी किसी प्रकार की अनियमित्ता नहीं होने दी जाएगी। जलशक्ति मंत्री ने अभियन्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ईमानदारी से कार्य करते हुए प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। आप सभी अभियंता अपने तैनाती स्थल पर गरीबों की खुशहाली के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। जल शक्ति मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए अन्नदाता किसानों को खुशहाल बनाएं, किसानो की आय बढ़ाना आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, यदि किसान खुशहाल होंगे तो देश एवं प्रदेश की तरक्की होगी। आप सभी देश एवं प्रदेश का भविष्य हैं। परादर्शिपूर्ण स्थानांतरण कार्यक्रम में सहायक अभियन्ता (सिविल) को उनके द्वारा चुने गए ऐच्छिक विकल्प के आधार पर स्थानांतरण किया जाएगा। ऐच्छिक विकल्प चयन आधारित स्थानांतरण प्रक्रिया पर सहायक अभियंताओं (सिविल) द्वारा प्रसन्नता भी व्यक्त की गयी।

# दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को विभाग द्वारा संचालित उपकरण योजना का लाभ

संवाददाता।

लखनऊ। देश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप के निर्देश पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 द्वारा राज्य निधि योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों को एक ही स्थल पर एकत्रित कर उनके हुनर, कला को सम्मान देना तथा समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए चार दिवसीय प्रदर्शनी एवं कार्यशाला (दिव्य अनुभूति मेला) अवध शिल्पग्राम, अमर शहीद पथ, लखनऊ में आयोजित किया गया। दिव्य अनुभूति मेला का समापन सोमवार को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार के कर–कमलों द्वारा किया गया। मोनिका लाल, उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, लखनऊ मण्डल, लखनऊ द्वारा जिलाधिकारी को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत व सम्मानित किया गया। रजनीश किरन, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, लखनऊ द्वारा कार्यक्रम में आमंत्रित (दिव्यांगजन) मेजर ए0के0 सिंह, सेवानिवृत्त चीफ आफ कमांडर भारतीय सेना (दक्षिणी कमान) को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा मेला में स्वैच्छिक संस्थाओंध्विद्यालयोंध्दिव्यांगजनों द्वारा लगाये गये विभिन्न प्रकार के स्टॉला/ध्प्रदर्शनी जैसे ए0आई0 तकनीति से जुड़े दिव्यांगों के उपकरणों की जानकारी हेतु लगाये गये स्टॉल, पुस्तकों और शिक्षा की ओर दिव्यांगों का रूझान बढ़ाने के लिए पुस्तक प्रदर्शनी, दिव्यांगजनों की रोजगार समस्या को समझते हुए अमेजन, फिलिपकार्ट, गति, सी0एम0हेल्प लाइन इत्यादि के साथ रोजगार मेला, दिव्यांगजनों की यू0डी0आई0डी0, आधार कार्ड तथा दिव्यांग प्रमाण–पत्रों की समस्या दूर करने के लिए स्टॉल, विभागीय विद्यालयों की ओर दिव्यांगों की पहुंच सरल बनाने तथा सरल टी0एल0एम0 द्वारा शिक्षण पद्धति समझाने हेतु स्टॉल, भारत सरकार की राष्ट्रीय स्तर की संस्थाएं जैसे एन0एच0एफ0डी0सी0, अली यायावर जंग संस्थान इत्यादि स्टॉल का अवलोकन किया गया एवं संस्थाओंध्दिव्यांगजनों के कार्यों की सराहना की गयी है। जिलाधिकारी द्वारा पंडित विजय उपरैती (दृष्टिबाधित दिव्यांग), डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के बी0ए0 फाइनल वर्ष के छात्र द्वारा प्रस्तुत गीत की सराहना की गयी तथा स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इण्टर कॉलेज, मोहान रोड, लखनऊ के दृष्टिबाधित छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुतीकरण किया गया जिसकी प्रशंसा करते हुए कहा गया इस गायन से दिव्य अनुभूति हो रही है कि हमकों दिन प्रतिदिन अपने जीवन में उतारना है कि हमें क्या भाव लेकर चलना है सामाजिक स्तर पर दिव्यांगजनों के जीवन को हीन भावना का एहसास न हो कि इनके अंदर कमी हो। समाज को दिव्यांगजनों की स्थिति का ध्यान रखकर अपना रोल निभाए यह बहुत अच्छा रहेगा। चार दिवसीय आयोजित दिव्य अनुभूति मेला का संदेश दूर तक जाएगा जिस प्रकार से दिव्यांगजनों द्वारा अपनी लगन, जज्बा और सामर्थ्य द्वारा स्टॉलध्प्रदर्शनी लगाया गया है, इससे हमे समाज को अनुभूति करानी है कि दिज्यांगजनों द्वारा सामान्य व्यक्ति की तरह जीवन यापन किया जा सकता है। संघर्ष सभी करते हैं अपने जीवन में लेकिन दिव्यांगजनों का संघष अत्यन्त प्रशंसनीय है। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी दिव्यांगजनों,छात्र,छात्राओं को सशक्त, स्वावलम्बी एवं जीवन के संघर्षों का दृढ़ता से सामना करने हेतु कविता (संघर्ष की चर्चाओं का इकनाम बनकर देखना, अजन्बी से शहर की पहचान बनकर देखना, आपकी हर बात की होगी कदर चारों तरफ, हो सके तो बस जरा इंसान बनकर देखना) के माध्यम से दिव्यांगजनों को प्रेरित किया गया एवं दिव्यांगजनों का उत्साहर्द्धन किया गया।

# 75 जनपदों से पुलिस विभाग में कार्यरत कंप्यूटर आपरेटरों का प्रशिक्षण सम्पन्न

संवाददाता। लखनऊ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत स्टेट हेल्थ कार्ड बनाने की पूरी प्रक्रिया समझाने हेतु 75 जनपदों से पुलिस विभाग में कार्यरत कंप्यूटर कार्य में दक्ष कर्मचारियों को प्रशिक्षण हेतु पुलिस हेडक्वाटर, सिग्नेचर बिल्डिंग के शहीद चंद्रशेखर आजाद प्रेक्षागृह में आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस विभाग के विभिन्न जनपदों में कार्यरत सरकारी सेवकों को कार्ड बनाने में आ रही तकनीकी समस्याओं का समाधान करना है। साथ ही बन रहे स्टेट हेल्थ कार्ड की संख्या में तेजी लाना है। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन संगीता सिंह मुख्य कार्यपालक अधिकारी की मुख्य आतिथ्य में प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलन के माध्यम से हुआ।कार्यक्रम के प्रारंभिक उद्बोधन में डॉ. परवीन आजाद ने 75 जनपदों से आए हुए प्रशिक्षणार्थियों से ध्यानपूर्वक प्रशिक्षण ग्रहण करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में पधारे विशेष अतिथि कमला प्रसाद यादव पुलिस मुख्यालय द्वारा भी अपने उद्बोधन में इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी का आभार व्यक्त किया। डॉ. पूजा यादव अपर, मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि किस तरह सेसंगीता सिंह ने आयुष्मान भारत योजना को शिखर पर पहुंचाया है एवं आयुष्मान कार्ड बनाकर पुरे देश में अग्रिम पंक्ति में उत्तर प्रदेश को ला खड़ा किया है। उसी तरह आप इस योजना को भी शिखर पर ले जाने में योगदान दे रहे हैं। मुख्य अतिथि संगीता सिंह मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदया ने अपने उद्बोधन में विभाग से पधारे सभी अधिकारीध्कर्मचारियों को धन्यवाद दिया एवं कहा कि आप लोग हमारे धन्यवाद के पात्र हैं क्योंकि आप हमारी सुरक्षा करते हैं। अतः स्वास्थ्य के इस योजना से हम आपको हेल्थ सुरक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए आपको स्टेट हेल्थ कार्ड बनाना होगा एवं पूरी प्रक्रिया कम्प्यूटरीकृत है। उन्होंने ये भी बताया कि उत्तर प्रदेश में 5 हजार से अधिक (निजी एवं सरकारी) चिकित्सालय इस योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकृत हैं। संक्षेप में उन्होंने इलाज कैसे मिलेगा इसकी भी जानकारी दी। साथ ही डॉ. परवीन आजाद को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। सत्यप्रकाश (आईटी मैनेजर) एवं डॉ. डी.के. सिंह प्रशिक्षणार्थियों को योजना का विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया व उनके द्वारा पूछे गए सभी समस्याओं का समाधान भी किया। प्रशिक्षण के पश्चात डॉ. परवीन आजाद के वोट ऑफ थैंक्स से कार्यक्रम का समापन हुआ। उन्होंने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु पधारे सभी गणमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद दिया।

# डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के बहुआयामी प्रयोग पर आयोजित की गयी नेशनल कान्फ्रेंस

लखनऊ। एग्री स्टेक जो भारत में कृषि सुधार के लिए विभिन्न हित धारकों को आसानी से एक साथ लाने और डिजिटल सेवाओं का उपयोग कर किसानों द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं का कृषि के उत्थान हेतु लाभ प्राप्त करने का एक डिजिटल फाउन्डेशन है। एग्री स्टेक द्वारा उ0 प्र0 में कृषि क्षेत्र में अग्रणी कार्य किए जाने के फलस्वरूप कृषि एवं किसान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उ0प्र0 के द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदान को अन्य राज्यों में लागू करने के लिए नेशनल कान्फ्रेन्स आन डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर ध्एग्री स्टेक कान्फ्रेस का आयोजन सेन्ट्रम होटल, लखनऊ में किया गया।

अपर मुख्य सचिव, कृषि के द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए दीप प्रज्वलित कराकर कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया गया। सचिव, कृषि एवं कल्याण विभाग, भारत सरकार के द्वारा एग्री स्टेक योजना के बारे में अवगत कराते हुए इससे किसानों को होने वाले लाभ के बारे में कार्यशाला में चर्चा की एवं एग्री स्टेक योजना में उ0प्र0 द्वारा किए गए कार्य एवं उपलब्धियों हेतु बधाई दी गई एवं अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया गया कि उ0प्र0 जैसा बड़ा राज्य यदि कर एकता है तो आपको भी प्रतिबद्धता के साथ इसे लागू करना चाहिए। कृषि मंत्री द्वारा बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कृषि कार्यो से पूरे भारत में एक पहचान बनी है एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योजना में डिजिटालाइजेशन होने के कारण लाभार्थी को उनका लाभ प्राप्त हो रहा है। एग्री स्टेक योजना भारत सरकार की एक क्रान्तिकारी योजना है जिसका उद्देश्य भारत में कृषि परिस्थितिकी तंत्र को डिजिटल बनाना है। भारत सरकार द्वारा खरीफ–2023 में 12 राज्यों में एग्री स्टेक योजना लागू किया गया जिसमें उ0प्र0 द्वारा सबसे अच्छा कार्य किया। उ0प्र0 राजस्व परिषद ने फसली वर्ष 1428 में फसल खसरा पड़ताल के स्थान पर 2023 में ई–खसरा पध्ड़ताल योजना लागू की गई है। आज 91000 से अधिक राजस्व ग्राम के नक्शे डिजिटाइज किए गए हैं जो एग्री स्टेक की सफलता को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। खरीफ–2023 में ई–खसरा पड़ताल के परिणामों से 3.19 लाख के क्षे0 में वृद्धि हुई है। जिसमें धान में 1.5 लाख हे0, श्री अन्न में 8500 हे0 एवं इसी प्रकार गन्ना, तिलहन, दलहन के क्षे0 में भी वृध्द्व पाई गई इससे निःसंदेह प्रदेश की अर्थव्यवस्था के विकास का आंकलन सटीक तौर पर किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त फसलों में प्रतिकूल मौसम होने पर कृषकों को फसलों की क्षतिपूर्ति हेतु सर्वेक्षणध्राहत अविलम्ब उपलब्ध कराई जा सकती है। इसके साथ ही मंत्री द्वारा डिजिटालाइजेशन के लाभों से अवगत कराया गया। उदाहरणस्वरूप प्रदेश में त्वरित डिजिटालाइजेशन के परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से लाभान्वित उ0प्र0 के किसानों की संख्या 2.62 करोड़ एवं धनराशि रू0–68000 करोड़ है जो कुल देश की 1ध्4 की भागीदारिता प्राप्त हुई है। प्रदेश के कुल कृषकों की संख्या देश के अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक प्रतिशत है। इसके पश्चात मा0 मंत्री जी द्वारा वर्तमान में ई–खसरा पड़ताल कार्यक्रम को अधिक कुशलतापूर्वक करने हेतु शुभकामना दी एवं देश के विभिन्न भागों से आए हुए अधिकारियोंध्प्रतिनिधियों को उपस्थित होने हेतु बधाई दी। इसके पश्चात एशियन विकास बैंक, खाद्य एवं रसद विभाग, उ0प्र0 सरकार, मुख्य ज्ञान अधिकारी, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, सचिव, राजस्व, उ0प्र0 शासन, अपर मुख्य सचिव, कृषि के द्वारा एग्री स्टेक योजना के विभिन्न बिन्दुओं पर तकनीकी परिचर्चा का प्रस्तुतीकरण किया गया।

# एएसआरटीओ ने यूपीएसआरटीसी को रोड शैफ्टी एवं फ्यूल एफिसियेंसी में बेहतर प्रदर्शन के लिए किया पुरस्कृत– दयाशंकर सिंह

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को एसोसिएशन आफ रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (एएसआरटीयू) द्वारा रोड सेफ्टी एवं फ्यूल एफिशिएंसी अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए विभागीय अधिकारियों को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम ने विगत एक वर्ष में सड़क सुरक्षा एवं ईधन खपत में कमी लाने के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है। उन्होंने बताया कि रेवेन्यू में सुधार, गुणवत्तापूर्ण सेवाओं एवं यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए परिवहन निगम को रनर अप का भी पुरस्कार मिला है।परिवहन मंत्री ने बताया कि सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में परिवहन निगम के प्रयासों से फैटल दुर्घटनाओं में कमी आई है। चालकों को ड्राइविंग में सुधार को लेकर जागरूकता के कई कार्यक्रम चलाए गए। कानपुर स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में चालकों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है, खासकर ऐसे चालक जिनके द्वारा सड़क दुर्घटनाएं कारित होती हैं। परिवहन मंत्री ने बताया कि फ्यूल एफिशिएंसी के क्षेत्र में बेहतर प्रबंधन से वर्ष 2022–23 में 5.25 किमी0 प्रति लीटर डीजल औसत प्राप्त हुआ, जिसके लिए यूपीएसआरटीसी को पुरस्कृत किया गया है। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम की बसों में तकनीकी सुधार के कार्य से यह प्रतिफल प्राप्त हुआ है। वर्तमान में डीजल औसत 5.37 किलोमीटर प्रति लीटर प्राप्त हुआ है। साधारण बसों का डीजल औसत 5.47 किमी0 प्रति लीटर एवं एसी



बसों का डीजल औसत 4.26 किलोमीटर प्रति लीटर है। परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन निगम ने यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी, ऑनलाइन टिकटिंग की व्यवस्था, वीएलटीडी एवं पैनिक बटन लगाए जाने सहित बसों में बहुत से कार्य किए हैं, जिसके परिणाम स्वरूप परिवहन निगम की बसों में बेहतर रेवेन्यू प्राप्त हो रहा है एवं यात्री परिवहन निगम की बसों से चलना पसंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के दिशा निर्देश में परिवहन निगम लगातार बेहतर कार्य कर रहा है। परिवहन निगम आगे भी भविष्य में यात्री सुविधाओं के साथ–साथ तकनीकी के क्षेत्र में बेहतर से बेहतर कार्य करेगा।

# भारी ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को तुरन्त मुआवजा दे सरकार- अजय राय

संवाददाता।

लखनऊ। विगत दो दिनों पूर्व हुई भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों के कारण पीड़ित किसानों को तुरन्त मुआवजा दे कर राहत पहुंचाये सरकार। उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने अपने लखनऊ के काकोरी ब्लाक के दौरे के दौरान कही। आज वर्षा एवं ओलावृष्टि से नष्ट हुईं फसलों का जमीनी जायजा लेने काकोरी ब्लाक के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, मीडिया चेयरमैन, पूर्व मंत्री डॉ0 सी0पी0 राय, प्रदेश महासचिव कौशलेन्द्र यादव, पूर्व विधायक इन्दल रावत, प्रवक्ता सचिन रावत, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, रूद्र दमन सिंह, अब्बास रिजवी योगेश तालान, नितान् सिंह नितिन आदि मौजूद रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पीड़ित किसानों से मुलाकात की और उनकी परेशानियां साझा की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा भी दिया कि उनका मुद्दा सरकार से प्राथमिकता के आधार पर उठाया जायेगा। कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूरे क्षेत्र की फसल नष्ट हो चुकी है और अन्नदाता कहे जाने वाले किसानों का पुरसाहाल लेने अभी तक कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। इस अप्रत्याशित आपदा के कारण अब किसानों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पडेघ्गा। तात्कालिक रूप व आर्थिक संकट के कारण पारिवारिक आजीविका चलाने की समस्या से ग्रसित हो गये हैं। इन परिस्थितियों में "क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे" किए जाने का निर्देश इस गंभीर आपदा की समस्या का समाधान करने में विलंब करने का प्रयास प्रतीत होता है।

# प्रदेश को मिली 5 नए सर्वोदय विद्यालयों की सौगात

सवाददाता।

लखनऊ। मुख्यमंत्री द्वारा संत रविदास मिशन के अंतर्गत प्रदेश के 5 असेवित जनपदों में समाज कल्याण विभाग को विद्यालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे गौतमबुद्दनगर, शामली, कन्नौज, बागपत और शाहजहांपुर में समाज कल्याण विभाग द्वारा आवासीय सुविधायुक्त विद्यालय का संचालन किया जाएगा। जिसके लिए भूमि भी चिन्हित कर ली गई है। 5 एकड़ में बन रहे सर्वोदय विद्यालयों में छात्रावास, विद्यालय भवन, खेलकूद के मैदान सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक कुल 490 बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा अब गृह जनपद में ही प्राप्त होंगी।

नई शिक्षा नीति की मंशा के अनुरूप स्टेम एजुकेशन, कंप्यूटेशनल थिंकिंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से गुणवत्तापरक, तकनीक आधारित शिक्षा की व्यवस्था नवीन विद्यालयों में की जाएंगी। साथ ही अभ्युदय केंद्र के माध्यम से जेईई, नीट इत्यादि प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग की सुविधा भी इन विद्यालयों के छात्रों को प्राप्त होंगी। वर्तमान में समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में समस्त वर्गों के बीपीएल परिवार के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को गुणवत्तापरक व निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान किए जाने के उद्देश्य से 105 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 9 सर्वोदय एवं 02 एकलव्य विद्यालय अनुसूचित जनजाति के छात्र–छात्राओं के लिए संचालित किए जा रहे हैं। जहां कक्षा 6 से 12 तक के 35,000 छात्र–छात्राओं को छात्रावास, पाठ्य पुस्तकें, यूनिफॉर्म, मेस, लाइब्रेरी, प्रयोगशाला, कंप्यूटर व टैब–लैब, जेईई, नीट की निःशुल्क कोचिंग, कौशल विकास प्रशिक्षण इत्यादि की समस्त सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं।

# यूपी में सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने पर योगी सरकार देगी बंपर छूट

लखनऊ(आरएनएस) ।योगी सरकार ने हाल ही में यूपी सेमीकंडक्टर नीति 2024 को मंजूरी देकर उत्तर प्रदेश को उद्योग प्रदेश बनाने की अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। इस नीति को लागू कर सीएम योगी ने प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग की रीढ़ कहे जाने वाले सेमीकंडक्टर्स के बड़े पैमाने पर निर्माण की राह काफी आसान कर दी है। इस नीति के तहत यूपी में सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने के इच्छुक निवेशकों को कैपिटल सब्सिडी के साथ ही इंटरेस्ट सब्सिडी, लैंड सब्सिडी, स्टांप फीस और रजिस्ट्रेशन फीस के साथ ही इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में भी भारी राहत दी गई है। यही नहीं, योगी सरकार यहां सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाली कंपनियों को कौशल और प्रशिक्षण के लिए भी सहायता देगी, जबकि अनुसंधान एवं विकास केंद्र के साथ ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) स्थापित करने पर भी उन्हें राहत प्रदान की जाएगी। माना जा रहा है कि यूपी की सेमीकंडक्टर नीति भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### प्रति इकाई अधिकतम 7 करोड़ रुपए तक मिलेगी इंटरेस्ट सब्सिडी

उत्तर प्रदेश सरकार के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया की आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के तहत जारी सेमीकंडक्टर नीति प्रदेश और देश को इस इंडस्ट्री में अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसमें निवेशकों को कई तरह से वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं। नीति में इसका पूरा उल्लेख किया गया है, जिसके अनुसार कैपिटल सब्सिडी के तहत भारत सरकार द्वारा अनुमोदित सब्सिडी का 50 प्रतिशत प्रदान किया जाएगा। वहीं इंट्रेस्ट सब्सिडी के रूप में अनुसूचित बैंकोंध्वित्तीय संस्थानों से प्राप्त ऋण पर 200 करोड़ रुपए तक के निवेश वाली इकाइयों को 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष (ब्याज की दर पर), प्रति इकाई प्रति वर्ष अधिकतम 1 करोड़ रुपए तक प्रतिपूर्ति 7 वर्षों तक की जाएगी। प्रति इकाई अधिकतम 7 करोड़ रुपए तक की ही इंटरेस्ट सब्सिडी प्राप्त हो सकेगी। इसके साथ ही, भूमि की दर में भी छूट प्रदान की जाएगी। राज्य अभिकरणों से भूमि क्रय करने पर प्रथम 200 एकड़ भूमि के लिए प्रचलित सेक्टर दरों पर 75 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी, जबकि इकाई अथवा सहायक इकाइयों के लिए भूमि के अतिरिक्त क्रय पर 30 प्रतिशत सब्सिडी की अनुमति होगी। इसके साथ ही स्टाम्प शुल्क और निबन्धन शुल्क के अंतर्गत भूमि की खरीद पट्टे पर 100 प्रतिशत छूट मिलेगी।

### 10 वर्ष तक इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी होगी माफ

10 वर्ष की अवधि के लिए इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी पर 100 प्रतिशत छूट प्राप्त होगी। राज्य में स्थापित फैब इकाइयों को दोहरा पॉवर ग्रिड नेटवर्क प्रदान किया जाएगा। एक ग्रिड (दोनों में से कम) की लागत की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी, जबकि दूसरे ग्रिड की लागत निवेशक द्वारा वहन की जाएगी। इसके अतिरिक्त परियोजना के परिचालनरत होने की तिथि से 25 वर्ष की अवधि के लिए विद्युत की अंतःराज्यीय खरीद पर व्हीलिंग शुल्कध् ट्रॉसमिशन शुल्क पर 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

### कौशल और प्रशिक्षण के लिए भी मिलेगी सहायता

चिप डिजाइन और विनिर्माण क्षेत्र में सेमीकण्डक्टर उद्योग के सहयोग के लिए एक कुशल जनशक्ति पूल तैयार करने हेतु राज्य सरकार शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग के साथ सहयोग आमंत्रित करेगी। सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में सेमीकण्डक्टर कौशल और प्रतिभा विकास गतिविधियों की वृध्द्वि के लिए प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे। इसके तहत, फैकल्टी प्रशिक्षणध् तकनीकी कार्यशालाओंध् जागरुकता कार्यक्रमोंध्विशेषज्ञ व्याख्यानों के लिए 5 वर्षों के लिए प्रतिवर्ष 60 लाख रुपए तक, कुल 3 करोड़ रुपए प्रदान किए जाएंगे। वहीं बीटेक और एमटेक स्नातकों के लिए मुख्यमंत्री इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत 5 वर्षों तक प्रति वर्ष 500 छात्रों तक प्रति छात्र 20,000 रुपए की इन्टर्नशिप

# उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को यू.जी.सी. द्वारा श्रेणी-1 का दर्जा प्राप्त होने पर दी शुभकामनाएं

संवाददाता।

लखनऊ। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली की बैठक में किए गए मूल्यांकन में श्रेणी–1 विश्वविद्यालय का ग्रेड दिए जाने पर हार्दिक बधाई दी है। मूल्यांकनों में रैंकिंग उन्नयन करना और उपलब्धिपरक ग्रेड प्राप्त करना प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण है। निरंतर किए गए प्रयासों से ही विश्वविद्यालय को बेहतर श्रेणी मिलती है, जिसका सीधा लाभ उस विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को हासिल होता है। उच्च शिक्षा मंत्री ने अपने संदेश में कहा कि किसी भी क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार के लिए मूल्यांकन महत्वपूर्ण है। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की इस उपलब्धि अन्य विश्वविद्यालयों के लिए प्रेरक होगी। मूल्यांकनों में उपलब्धिपरक सफलताओं के पीछे गुणवत्ता सुधार के लिए निरंतर कड़ी मेहनत होती है, ।

# विभागीय वेबसाइट और सोशल मीडिया पर सभी योजनाओं की जानकारी अपलोड की जाए- नरेंद्र कश्यप

संवाददाता।

लखनऊ। जमीनी स्तर तक पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजनो को योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य विभागीय अधिकारी करे। प्रदेश सरकार द्वारा अधिक से अधिक पात्र पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजनो को लाभ देने हेतु योजनाओं में बजट भी बढ़ाया गया है। दिव्यांगजनो की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने हेतु नियमित रूप से मंडल एवं जनपदों में कार्यक्रम आयोजित होते रहे। पिछडे वर्ग के युवाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाए। उक्त निर्देश सोमवार को प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए ।मंत्री नरेंद्र कश्यप अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं में लाभ कैसे अधिक से अधिक पात्र लोगों मिल सके, इस पर कार्य किया जाए। पिछड़ा वर्ग के लोगों एवं दिव्यांगजनो को प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी हो, उन्हें योजनाओं में आवेदन करने से लेकर लाभ लेने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, ।

# संपादकीय

## कृत्रिम स्थिरता की चाह्त

एक राष्ट्र–एक चुनाव्व योजना की प्रेरक सोच पर गंभीर सवाल हैं। ऐसी ही सोच के तहत दल–बदल विरोधी कानून बनाया गया था। उससे दल–बदल तो नहीं रुका, इससे सांसदों–विधायकों की स्वतंत्र चेतना पर जरूर ताला लग गया। खबरों के मुताबिक श्एक राष्ट्र–एक चुनाव्व योजना पर 22वां विधि आयोग अपनी सिफारिशें जल्द ही केंद्र सरकार को सौंप देगा। इस बीच आयोग ने अपनी सिफारिशों की प्रस्तुति पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में बनी उच्चस्तरीय समिति के सामने की है। इसमें दो संविधान संशोधनों की सिफारिश की गई है।

कोविंद समिति नरेंद्र मोदी सरकार की इस इच्छा पर सुझाव देने के लिए बनाई गई है कि लोकसभा, सभी राज्यों की विधानसभाओं, और पूरे देश में नगर–निकायों के चुनाव एक साथ संपन्न कराए जाएं। इस बीच विधि आयोग ने जो सुझाव रखे हैं, उसके मुताबिक सभी विधानसभाओं के चुनाव दो किस्तों में इस तरह संपन्न कराए जाएंगे, जिससे 2029 में लोकसभा के साथ–साथ उन सबका चुनाव कराया जा सके। एक दूसरा संशोधन इस योजना को टिकाऊ बनाने के लिए दिया गया है। इसके तहत अगर सदन की मध्यावधि में कोई सरकार गिर जाती है, तो विकल्प के तौर पर विभिन्न दलों की श्एकता सरकास्य बनाई जाएगी। अगर यह संभव नहीं हुआ, तो फिर नया चुनाव बची अवधि भर तक के लिए कराया जाएगा, ताकि एक राष्ट्र–एक चुनाव का क्रम बना रहे। इस योजना में यह समझ अंतर्निहित है कि सभी दलों की नीतियां कमोबेश एक जैसी हैं और सारी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा व्यक्तियों की महत्त्वाकांक्षाओं के बीच है। इसलिए यूनिटी गवर्नमेंट सहजता से बन जाएगी। बहरहाल, उससे कहीं ज्यादा गंभीर सवाल इस योजना की प्रेरक सोच पर है। स्पष्टतरू यह सोच कृत्रिम राजनीतिक स्थिरता थोपने की है । ठीक ऐसी ही सोच के तहत 1985 में दल–बदल विरोधी कानून बनाया गया था। इस कानून से दल–बदल तो नहीं रुका, इससे सांसदों–विधायकों के स्वतंत्र राजनीतिक रुख तय करने की प्रवृत्ति पर जरूर ताला लग गया। अब जो सुझाव विधि आयोग ने दिए हैं, उनसे राजनीतिक प्रक्रिया और सरकारों को जवाबदेह बनाए रखने की विधायिका की भूमिका पर वैसा ही अंकुश लग सकता है। आज भारतीय लोकतंत्र की मूलभूत समस्या सत्तासीन लोगों और संस्थाओं की जवाबदेही तय करने की व्यवस्था का कमजोर पड़ते जाना है। अब जो सुझाव दिए गए हैं, उनसे खर्च तो शायद ही बचे, लेकिन जवाबदेही का सिस्टम जरूर और कमजोर हो जाएगा।

## राहुल क्या वायनाड से लड़ेंगे ?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए लोकसभा सीट का चुनाव मुश्किल काम होता जा रहा है। वे पिछली बार दो सीटों से लड़े थे, जिसमें अमेठी से हार गए थे और केरल की वायनाड सीट से जीते थे। इस बार भी वे वायनाड सीट से नामांकन करेंगे तो घर बैठे चुनाव जीतेंगे। लेकिन उनके सामने एक नैतिक बाधा खड़ी हो गई है।

सीपीआई के महासचिव डी राजा की पत्नी ऐनी राजा को सीपीआई ने उस सीट से उम्मीदवार बना दिया है। राजा के साथ राहुल के बहुत अच्छे संबंध हैं। अगर वहां दोनों आमने सामने होते हैं तो उसका असर देश के दूसरे हिस्सों में भी देखने को मिलेगा। सीपीआई के नेताओं ने कांग्रेस के ऊपर दबाव बनाना भी शुरू कर दिया है कि राहुल को वायनाड से नहीं लडना चाहिए। राहुल के साथ दूसरी मुश्किल यह है कि उत्तर प्रदेश में परिवार की पारंपरिक सीटों– अमेठी और रायबरेली में लड़ाई लगातार मुश्किल होती जा रही है। पिछली बार वे अमेठी से हारे थे और सोनिया गांधी रायबरेली से जीत गई थीं। लेकिन इस बार सोनिया गांधी को चुनाव नहीं लडना है। कहा जा रहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली से लड़ सकती हैं।

लेकिन दूसरी ओर भाजपा ने इन दोनों सीटों को लेकर बड़ी तैयारी की है। इन दोनों लोकसभा सीटों के तहत आने वाली विधानसभा सीटों से जीते समाजवादी पार्टी के विधायकों को भाजपा ने तोड़ दिया है। अमेठी की अदिति सिंह पहले ही भाजपा में चली गईं थीं और अब ऊंचाहार के मनोज पांडेय भी भाजपा में जा रहे हैं। आसपास के सभी ठाकुर और ब्राह्मण विधायक भाजपा के साथ हो गए हैं। इसलिए दोनों में से कोई लोकसभा सीट सुरक्षित नहीं है। तभी राहुल के लिए वायनाड छोडना बहुत आसान नहीं होगा।

## मंडी में मनीष सिसोदिया नहीं बिके!

हरिशंकर व्यास

भाजपा ने भर्ती मेला लगा रखा है, जिसको अब मिलन समारोह का नाम दिया गया है। इस मेले में कहीं से आकर कोई भी भी नेता बिक रहा है। भर्ती हो जा रहा है। तभी इस सप्ताह जब दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के जेल में एक साल पूरे होने की खबर सुनी तो लगा यह बंदा अलग निकला। इसने भाजपा के आगे सरेंडर नहीं किया। ऐसे ही आप के सांसद संजय सिंह का मामला है। वे भी जेल में है।

इन दोनों के पास मौका था।वे भी भाजपा में भर्ती हो जाते तो उनकी मुश्किलें समाप्त होती। वे भी साफ–सुथरे हो जाते। सोच सकते हैदेश की राजनीति अभी जैसी है और नेता, विधायक, सांसद जैसे बिक रहे है तो इन दोनों ने सौदा न करके क्या मूर्खता नहीं की?ये बिना मतलब के राजनीतिक विचारधारा से चिपके है।पार्टी और नेता के प्रति निष्ठा की डोर से बंधे है और जेल में सड़ रहे है!

मनीष सिसोदिया को जेल में बंद हुए 26 फरवरी को एक साल हुआ। वे धन शोधन कानून की जिस धारा के तहत गिरफ्तार हुए हैं उसमें दोषी होने पर अधिकतम सात साल की सजा होती है। लेकिन बिना सुनवाई के ही वे एक साल से जेल में बंद हैं। अगर किसी तरह से वे बरी हो गए तो क्या होगा? जेल में बिताया गया उनका समय कौन लौटाएगा? केंद्र की सर्व शक्तिशाली एजेंसी कह रही है कि जमानत दे दी तो वे सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं।

सवाल है कि अब कौन सा सबूत बाहर बचा हुआ है, जो ईडी ने जब्त नहीं कर लिया है? जिनको आरोपी के तौर पर गिरफ्तार किया था उनको सरकारी गवाह बना लिया गया है और सारे सबूत दो केंद्रीय एजेंसियों– सीबीआई और ईडी के कब्जे में हैं। फिर भी एजेंसियों को लग रहा है कि सिसोदिया सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे, गवाहों को प्रभावित करेंगे और उससे भी हैरानी की बात यह है कि अदालतों को इस परीकथा पर यकीन भी है। देश की सर्वोच्च अदालत ने सिसोदिया का मामला सुनते हुए एजेंसियों से कहा था कि सबूत लाएं नहीं तो यह केस सुनवाई के दौरान एक मिनट नहीं टिकेगा। फिर भी उनको जमानत नहीं मिली।

पर सिसोदिया का जीवट देखिए कि वे न तो सरकारी गवाह बने और न भाजपा की सदस्यता लेकर अपनी जान बचाई। सोचें, उनका बेटा बाहर रहता है और पत्नी की तबियत बहुत ज्यादा खराब है। अदालत के आदेश से उनको अपनी बीमार पत्नी से मिलने का मौका मिलता है। फिर भी उन्होंने जमानत के लिए या अपने मुकदमे में राहत के लिए कोई समझौता नहीं किया। इसी तरह संजय सिंह को धन शोधन के मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है। लेकिन सारा मामला परिस्थितिजन्य सबूतों पर आधारित है। उनको चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। वे भी पांच महीने से जेल में हैं।

# सनातन संस्कृति को प्रधानमंत्री मोदी की ओर से एक अनमोल उपहार है सुदर्शन सेतु



सनातन की प्राचीनता से वर्तमान को परिचित कराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात यात्रा के दौरान यहाँ के पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा ड्राइविंग करके भगवान श्रीकृष्ण की जलमग्न प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करते हुए जल के अंदर पूजा की और इतिहास में एक अमर क्षण जोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में आरम्भ सनातन हिन्दू संस्कृति का अमृतकाल प्रतिदिन नयी आभा प्राप्त कर रहा है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में दिव्य, भव्य एवं नव्य राम मंदिर के उद्घाटन से अबूधाबी के मंदिर और उसके उपरांत उत्तर प्रदेश के संभल जिले में कल्कि धाम का शिलान्यास अमृतकाल के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक बिंदु हैं। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान से संपूर्ण विश्व के सनातन हिंदू समाज ने दीपावली मनाई वह अद्भुत और ऐतिहासिक है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 दिन तक कठोरता से यम नियम का पालन किया और उन सभी मंदिरों में गये जिनका रामायण काल से किसी न किसी प्रकार से संबंध रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिस भी मंदिर में जाते हैं उसके विस्तार तथा आसपास के क्षेत्रों के विकास का वृहद चित्र खींकर आते हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज भारत प्रत्येक तीर्थ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सनातन की प्राचीनता से वर्तमान को परिचित कराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात यात्रा के दौरान यहाँ के पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा ड्राइविंग करके भगवान श्रीकृष्ण की जलमग्न प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करते हुए जल के अंदर पूजा की और इतिहास में एक अमर क्षण जोड़ दिया। स्वाभाविक रूप से अब प्रत्येक सनातनी हिंदू जलमग्न द्वारका के दर्शन कर स्वयं को धन्य करना चाहेगा और जलमग्न द्वारका तीर्थ भी श्रद्धालुओं की यात्रा सूची में आ जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारका शारदापीठ में शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज का आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री ने बताया कि जलमग्न द्वारका के विषय में पुरातत्व वेत्ताओं द्वारा और पुराणों में बहुत कुछ लिखा गया है। हमारे शास्त्रों के अनुसार द्वारका सुंदर द्वारों और ऊंचे भवनों वाली ये पुरी पृथ्वी पर शिखर के सामान होगी, मान्यता है कि स्वयं भगवान विश्वकर्मा ने ही द्वारका नगरी का निर्माण किया था। नौसेना के गोताखोरों की सहायता से प्रधानमंत्री ने प्रार्थना की, हाथ जोड़े और भगवान श्रीकृष्ण को मोरपंख अर्पित किया। बाहर आने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि द्वारका जी में मैं पुरातन भव्यता और दिव्यता का अनुभव कर रहा था। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने द्वारका में देश के सबसे लंबे पुल का लोकार्पण किया जिससे इस क्षेत्र में विकास और पर्यटन के एक नये महायुग का प्रारम्भ होगा, इस पुल का नामकरण "सुदर्शन सेतु" किया गया है। सुदर्शन सेतु की विशेषताएं– यह एक ऐतिहासिक सिग्नेचर ब्रिज है जिसकी प्रेरणा गीता है और स्रोत सूर्य की ऊर्जा। 7 अक्तूबर 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पुल की आधारशिला रखी थी। पूर्व में इस पुल का नाम सिग्नेचर ब्रिज था जिसे अब सुदर्शन सेतु कर दिया गया है। यह ओखा को समुद्र के बीच टापू जैसे रूप से उभरे बेट द्वारका से जोड़ता है। सुदर्शन सेतु की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां दोनों ओर भगवद्गीता के श्लोकों और श्रीकृष्णकी छवियों को उकेरा गया है। इसमें फुटपाथ के ऊपरी हिस्से पर सौर पैनल लगाये गये हैं जिससे एक मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जाता है। ओखा मैनलैंड को बेट द्वारका द्वीप से जोड़ने वाले इस सेतु से इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी को एक नई दिशा मिलेगी। अभी तक तीर्थयात्रियों को बेट द्वारका जाने के लिए नाव पर निर्भर रहना होता था और मौसम खराब हो जाने पर प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। सुदर्शन सेतु का निर्माण हो जाने के बाद तीर्थयात्रियों की यह समस्या समाप्त हो जाएगी। सुदर्शन सेतु वस्तुतः सनातन संस्कृति को प्रधानमंत्री का उपहार है। प्रधानमंत्री के जलमग्न द्वारका के दर्शन करने और फिर जनसभा करने से यह स्पष्ट हो गया कि अभी इस क्षेत्र का और अधिक व्यापक स्तर पर विकास होने वाला है। यह सुदर्शन सेतु 2.32 किमी लंबा है तथा पुल पर 2.50 मीटर चौड़े फुटपाथ हैं। यह 27.20 मीटर चौड़ा पुल चार लेन का है। यह 979 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहाँ भी जाते हैं वो स्थान तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की यात्रा सूची में ऊपर आ जाता है केदारनाथ, लक्षद्वीप, सिक्किम, पार्वती कुंड, काशी, अयोध्या, इसके ज्वलंत प्रमाण हैं और अब जलमग्न द्वारका भी इस सूची में स्थान बनाने को व्यग्र है। जैसे ही प्रधानमंत्री ने जलमग्न द्वारका की अपनी यात्रा के चित्र व वीडियो इंटरनेट पर साझा किये वैसे ही द्वारका नगरी के विषय में घर घर चर्चा होने लगी। प्रधानमंत्री अपने प्रत्येक कार्य से कई संकेत व संदेश देते हैं। विश्लेषकों का मानना है कि बेट द्वारका का सन्देश है कि मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि का भी जल्द ही उद्धार होने जा रहा है।

## दो दशक के भीतर बदल गयी लोगों की मानसिकता, अब खान–पान की बजाय दूसरी चीजों पर बढ़ गया है खर्च

एनएसएस की रिपोर्ट का समग्र विश्लेषण किया जाए तो खाने–पीने की वस्तुओं में चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, दोनों ही जगह ब्रेवरेज यानि की पेय पदार्थों और प्रोसेस्ड फूड यानी की डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों का उपयोग बढ़ा है। नेशनल सैंपल सर्वे की हालिया रिपोर्ट में रहन–सहन और खान–पान के प्रति देशवासियों में जबरदस्त बदलाव देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर 1999–00 से 2022–23 के दौरान खाने–पीने की वस्तुओं पर खर्चे में तेजी से कमी देखी जा रही हैं वहीं खाने–पीने से इतर अन्य पर खर्च में बड़ा उछाल सामने आ रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि यह बदलाव केवल शहरी क्षेत्रों में हो ऐसा नहीं हैं अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार लगभग समान ही नहीं अपितु शहरी क्षेत्र से अधिक ही है। ऐसा नहीं है कि इस दौरान प्रति व्यक्ति व्यय में कमी आई हो अपितु प्रति व्यक्ति व्यय में लगातार बढ़ोतरी ही देखने को मिल रही है।

# एक साथ चुनाव से पहले सुधार जरूरी

अजीत द्विवेदी

पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की योजना पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है और कहा जा रहा है कि जल्दी ही इसकी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी जाएगी। इसकी मसौदा रिपोर्ट को लेकर मीडिया में जो खबरें आ रही हैं उसके मुताबिक कमेटी श्एक देश, एक चुनाव्व के नाम से संविधान में एक खंड जोडने की सिफारिश कर सकती है, जिसमें इस योजना से जुड़े सारे नियम और कानून शामिल होंगे।

बताया जा रहा है कि कोविंद कमेटी एक कॉमन मतदाता सूची के साथ सारे चुनाव एक साथ कराने की योजना पेश करेगी। इस योजना पर उठाए जा रहे सबसे गंभीर सवाल का जवाब देते हुए कहा गया है कि अगर पांच साल के कार्यकाल के बीच कोई सरकार बहुमत गंवा देती है तो समय से पहले चुनाव कराने की बजाय यूनिटी सरकार बनाई जाएगी और चुनाव समय पर ही होगा। यानी किसी हाल में विधानसभा या लोकसभा भंग नहीं होगी और एक साथ चुनाव का चक्र नहीं बिगडने दिया जाएगा।

ध्यान रहे पहले इस तरह के किसी कानूनी प्रावधान के बगैर ही पूरे देश में एक साथ चुनाव होते थे। लेकिन एक बार यह चक्र टूट गया तो टूटता गया क्योंकि यूनिटी सरकार बनाने जैसी किसी योजना के बारे में नहीं सोचा गया। इसमें कोई संदेह नही है कि इस तरह की कोई भी योजना लोकतंत्र के बहुत बुनियादी सिद्धांतों को चोट पहुंचाएगी।इससे दलबदल को बढ़ावा मिलेगा और खरीद फरोख्त की घटनाओं में और बढ़ोतरी होगी। अभी अलग अलग चुनाव होने पर नागरिकों के पास मौका होता है कि अगर वह केंद्र की सरकार से नाराज है तो सत्तारुढ़ दल को किसी राज्य के चुनाव में सबक सीखा दे। लेकिन सारे चुनाव एक साथ होने और पांच साल में एक ही बार चुनाव होने से जनता के हाथ से वह मौका निकल जाएगा। लोकतंत्र का मतलब वास्तविक अर्थों में पांच साल पर एक बार वोट देना भर रह जाएगा। इसी तरह भारत जैसे विविधता वाले देश में चुनाव का राष्ट्रीय और केंद्रीकृत मुद्दा होगा, जिससे संघवाद और विविधता दोनों की धारणा प्रभावित होगी। इसलिए एक साथ चुनाव के साथ कई सैद्धांतिक व बुनियादी समस्याएं हैं, जिन पर कई बार चर्चा हुई है।

हैरानी की बात है कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग एक यूटोपियन विचार पर इतना समय और ऊर्जा खर्च कर रहे हैं लेकिन चुनाव के जरूरी सुधारों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। एक साथ चुनाव कराने की जिद पूरी करने से पहले जरूरी है कि चुनाव सुधार किए जाएं। चुनाव की प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाने के उपाय किए जाएं। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदे के कानून को असंवैधानिक बता कर खारिज कर दिया और उस पर रोक लगा दी।

इसके बाद चुनाव आयोग ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करेगा। लेकिन उसने यह नहीं बताया कि राजनीतिक या चुनावी चंदे की क्या वैकल्पिक व्यवस्था होगी? लोकसभा के चुनाव होने हैं और कई राज्यों में विधानसभा के भी चुनाव होने वाले हैं। उनसे पहले चंदे की क्या एक वही व्यवस्था चलेगी, जिसमें पार्टियों को 20 हजार रुपए से कम का चंदा नकद मिलता है और चंदा देने वाले का नाम बताने या जानने की जरुरत नहीं होती है?

गौरतलब है कि भारत में इस तरीके से ही सबसे ज्यादा चंदा दिया जाता है। पार्टियां जो बैलेंस शीट पेश करती हैं या चंदे का हिसाब देती हैं उसमें बताती हैं कि उनको मिले चंदे का ज्यादा बड़ा हिस्सा अघोषित स्रोत से मिला है। बहुजन समाज पार्टी तो कई बरसों से यही बता रही है कि इस अघोषित स्रोत के अलावा उसको किसी और स्रोत से कोई चंदा नहीं मिला है। क्या चुनाव आयोग को नहीं पता है कि अघोषित स्रोत से जो चंदा मिलने की बात उसे बताई जाती है उसका बड़ा हिस्सा काले धन का होता है? फिर क्यों चुनाव आयोग इसे रोकने या ठीक करने का उपाय नहीं कर रहा है?

कितने बरसों से राजनीतिक दलों को चुनाव लडने के लिए सरकारी फंडिंग की बात चल रही है लेकिन वह भी कोई फुलप्रूफ योजना नहीं है। उससे किसी पार्टी के अतिरिक्त खर्च करने पर रोक नहीं लगेगी। सबको पता है कि पार्टियां चुनाव आयोग की ओर से तय की गई सीमा से कई गुना ज्यादा खर्च करती हैं। लेकिन उसे रोकने का कोई उपाय नहीं है। इसका नतीजा यह है कि जिन पार्टियों के पास ज्यादा पैसे हैं वो किसी न किसी तरीके से ज्यादा खर्च करते हैं और इससे चुनाव का मैदान सबके लिए बराबरी का नहीं रह जाता है।

इसी तरह चुनाव आयोग कितने बरसों से आपराधिक छवि वाले नेताओं को चुनाव लडने से रोकने की कोशिश कर रहा है लेकिन उसमे भी कामयाबी नहीं मिल है। नब्बे के दशक में बड़ी संख्या में बाहुबली किस्म के नेताओं का राजनीति में पदार्पण हुआ, जो अब मुख्यधारा के बड़े नेता बन चुके हैं। उनके बताए रास्ते पर सैकड़ों दागी नेता राजनीति में सक्रिय हैं। अपने धनबल और बाहुबल के दम पर वे अपने प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले ज्यादा ताकतवर साबित होते हैं।चुनाव जब से बड़ी पूंजी का खेल बन है, तब से बड़ी संख्या में करोड़पति और अरबपति इस खेल में उतरे हैं। उन सबका अपना स्वार्थ होता है और ज्यादातर के खिलाफ आर्थिक अपराध के मामले भी होते हैं। चंदे के साथ साथ चुनाव आयोग को दागी नेताओं को रोकने के उपायों पर भी गंभीरता से काम करने की जरुरत है।चुनाव की निष्पक्षता और स्वतंत्रता पिछले कुछ समय से सवालों के घेरे में है। विपक्षी पार्टियों ने इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। लेकिन ईवीएम के मामले में चुनाव आयोग और सरकार दोनों इतने संवेदनशील हैं कि उसके बारे में कुछ भी निगेटिव सुनने को राजी नहीं हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि ईवीएम मौजूदा सरकार का ब्रेन चाइल्ड है, जिसकी वजह से वह इतनी सेंसिटिव है, इसकी शुरुआत कांग्रेस के राज में हुई थी।

इसके बावजूद सरकार इसके बारे में कोई शिकायत नहीं सुनना चाहती है। ईवीएम के प्रति भरोसा कायम करने के लिए विपक्षी पार्टियों ने चुनाव आयोग को यह सुझाव भी दिया है कि वह सौ फीसदी वीवीपैट मशीनों की पर्चियों की गिनती की व्यवस्था करे। गौरतलब है कि अभी हर विधानसभा में किसी पांच बूथ पर वीवीपैट की पर्चियों की गिनती होती है और ईवीएम के साथ उसका मिलान किया जाता है।

विपक्ष चाहता है कि ईवीएम के साथ लगी वीवीपैट मशीन की पर्चियां मतदाता के हाथ में दी जाए, जिसे देख कर तसल्ली करने के बाद मतदाता उसे निर्धारित बॉक्स में डाले और उसे भी ईवीएम की तरह ही सील किया जाए। कहा जा रहा है कि अगर सारी पर्चियां गिनी जाएंगी तो उसमें बहुत समय लगेगा। यह कोई बहुत मजबूत तर्क नहीं है। बहुत समय का मतलब कई महीने नहीं है।इसमें तीन से चार दिन का समय लग सकता है। चुनावी प्रक्रिया की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने और विपक्षी पार्टियों के साथ साथ मतदाताओं के एक बड़े समूह का भरोसा बनाने के लिए इतना समय कोई ज्यादा समय नहीं है। ध्यान रहे चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया दो से ढाई महीने में यानी 60 से 75 दिन में पूरी करता है।कई राज्यों में देखा गया है कि वोट डालने के बाद एक–एक महीने से ज्यादा समय तक लोग नतीजे का इंतजार करते रहते हैं। ऐसे में तीन दिन अतिरिक्त लगा देने से कोई आफत नहीं आ जाएगी। बहरहाल, 2029 में सारे चुनाव एक साथ कराने की बात कही जा रही है। अगर उससे पहले चुनाव आयोग जरूरी सुधार कराए तो बेहतर होगा।

# आज का राशिफल

मेष राशि– आज थोड़ी–सी मेहनत से बड़ा मुनाफा मिलेगा। आज आप समाज के कामों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेंगे। वाहन खरीदने के लिए आज का दिन बहुत शुभ है। छोटे बच्चों को गिफ्ट मिल सकते हैं, जिससे वो पूरा दिन खुश रहेंगे। किसी ऑनलाइन वेबसाइट से अपने लिए कुछ ऑर्डर कर सकते हैं,

वृष राशि–आज आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जाएगा। इस राशि के इंजीनीयर्स आज अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे।आज नौकरी के लिए कोई अच्छा ऑफर भी मिल सकता है। ऑफिस में आपको गिफ्ट मिल सकता है।

मिथुन राशि–आज आपका दिन सामान्य रहेगा। ऑफिस में रूके हुए काम सीनियर्स की मदद से पूरे होने की संभावना है। इस राशि के बिल्डर्स को अचानक से काफी फायदा हो सकता है। आज धन लाभ के नए सोर्स नजर आएंगे। आपको परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना पड़ सकता है, आपके कुछ काम अधूरे रह सकते हैं।

कर्क राशि– आज का दिन मिलाजुला रहेगा। ऑफिस में बॉस को इम्प्रेस करने के लिए थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। जल्दी छुट्टी मिलने में परेशानी आ सकती है। किसी सामान की खरीदारी में थोड़ी देर हो सकती है। आपको परिवार का सहयोग मिलेगा, जिससे आपको राहत मिलेगी। आज स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

सिंह राशि–आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपके सारे काम पूरे हो जाएंगे, लेकिन धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है।

कन्या राशि–आज आपका ध्यान आध्यात्म की ओर लगा रहेगा। इस राशि के बिजनेसमैन आज खुश रहेंगे। फैमिली के साथ किसी हॉटल में खाना खाने जा सकते हैं। नए लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए आज का दिन शुभ है। ऑफिस में आज कोई जूनियर काम पूरा करने के लिए आपसे मदद मांग सकता है।

तुला राशि–आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। घर की इलेक्ट्रॉनिक चीजों पर थोड़ा खर्च करना पड़ सकता है। आज आप अपने बिजनेस पार्टनर के घर त्योहार की शुभकामना देने जा सकते हैं।

शाम को आप शारीरिक रूप से थोड़ी थकान महसूस कर सकते हैं। अपना नजरिया पॉजिटिव बनाकर रखें, सब काम अच्छे से होंगे।

वृश्चिक राशि–आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज नौकरीपेशा लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स मिलने के योग बन रहे हैं। आज घर में खुशी का माहौल बनेगा। संतान पक्ष से आपको खुशी मिलेगी। आज ऑफिस पार्टी में अपने जीवनसाथी को साथ ले जा सकते हैं। इससे आपका तालमेल बढिया रहेगा।

धनु राशि–आज के दिन किस्मत आपके साथ है। परिवार के साथ आप अच्छा वक्त बिताएंगे। इस राशि के जो लोग सेल्स और मार्केटिंग से जुड़े हुए हैं, उन्हें आज तरक्की के कई सुनहरे मौके मिलेंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बढिया रहेगा। दोस्तों के साथ मिलकर सेलिब्रेशन कर सकते हैं।

मकर राशि–आज अपने दायरे को बढ़ाने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। आज किसी काम को संतुलन बनाकर करने से वह समय से पहले पूरा हो सकता है। बाकी समय में आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र को बढ़ाने के लिए किसी मित्र से आर्थिक मदद मिल सकती है। आज अपनी काबीलियत को रचनात्मक तरीके से प्रदर्शित कर सकते हैं।

कुंभ राशि–आज आपका दिन बेहद अनुकूल रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यापार में बढ़ोतरी होगी। ऑफिस में वेतन वृद्धि हो सकती है। प्रमोशन के भी कुछ चांस बन सकते हैं। बिल्डर्स अपने काम को बढ़ाने की सोच रहे हैं, तो आज का दिन शुभ है। विवाहितों के लिए भी स्थिति अच्छी रहेगी।

मीन राशि–आज का दिन ठीक–ठाक रहेगा। अगर आप नौकरीपेशा हैं, तो रूके हुए काम में सहयोगी से मदद मिल सकती है। आप किसी से अपने दिल की बात कह सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन काफी अच्छा है। टीचर्स के साथ आपका अच्छा टाइम स्पेंड होगा। कई दिनों से चली आ रही आर्थिक समस्याएं आज खत्म हो सकती हैं।

# राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ, जरदारी, अचकजई के नामांकन पत्र चुनाव आयोग ने किए स्वीकार

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को इस्लामाबाद में प्रधान मंत्री आवास पर सशस्त्र बलों के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। समारोह के बाद, शहबाज ने औपचारिक रूप से देश के मुख्य कार्यकारी के रूप में कार्यभार संभाला। इससे पहले उन्होंने देश के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। पीएमएल–एन ने कहा है कि नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एक बार फिर वैसा ही प्रदर्शन करेंगे जैसा उन्होंने अतीत में किया है। पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यहां तक घ्धकि उनके आलोचक भी कहते हैं कि उन्होंने कड़ी मेहनत की और परिणाम दिया। वह एक उत्कृष्ट प्रधानमंत्री साबित होंगे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को इस्लामाबाद में प्रधान मंत्री आवास पर सशस्त्र बलों के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। समारोह के बाद, शहबाज ने औपचारिक रूप से देश के मुख्य कार्यकारी के रूप में कार्यभार संभाला। इससे पहले उन्होंने देश के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए आसिफ अली जरदारी और महमूद खान अचकजई के नामांकन पत्र स्वीकार कर लिए हैं। दोनों नेताओं ने 9 मार्च को होने वाले चुनावों के लिए सप्ताहांत में अपने कागजात जमा किए। जरदारी सहयोगी दलों के उम्मीदवार हैं, जबकि अचकजई इस प्रतिष्ठित पद के लिए पीटीआई की पसंद हैं। नवाज के पीएमएल–एन अध्यक्ष बनने की संभावनारू ख्वाजा आसिफ पीएमएल–एन नेता ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि सभी मामलों में बरी होने के बाद नवाज शरीफ के पार्टी का अध्यक्ष पद संभालने की संभावना है। उन्होंने कहा कि श्जिम्मेदारी हमेशा उनकी रहेगी... सभी फैसले हमेशा वही लेंगे। उनकी बेटी और भाई दोनों को अपने कार्यकाल के दौरान उनके अनुभव की आवश्यकता होगी।



# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री गिलानी का सीनेट अध्यक्ष बनना लगभग तय, नामांकन पत्र भरा

इस्लामाबाद। गिलानी ने आठ फरवरी को हुए चुनाव में पंजाब प्रांत के मुल्तान से नेशनल असेंबली के लिए जीत हासिल की थी। उन्होंने अपनी सीट खाली कर दी है और अब वह इस्लामाबाद से सीनेट की सीट के लिए चुनाव लड़ेंगे। इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री सैयद यूसुफ रजा गिलानी का सीनेट अध्यक्ष बनना लगभग तय माना जा रहा है और उन्होंने इस पद के लिए 14 मार्च को होने वाले चुनाव की खातिर अपना नामांकन पत्र जमा कर दिया है। यह जानकारी सोमवार को मीडिया की एक खबर से मिली। गिलानी ने आठ फरवरी को हुए चुनाव में पंजाब प्रांत के मुल्तान से नेशनल असेंबली के लिए जीत हासिल की थी। उन्होंने अपनी सीट खाली कर दी है और अब वह इस्लामाबाद से सीनेट की सीट के लिए चुनाव लड़ेंगे। निचले सदन के सदस्य के रूप में 29 फरवरी को शपथ लेने वाले गिलानी ने रविवार को नेशनल असेंबली में प्रधानमंत्री चुनने के लिए हुए चुनाव के दौरान पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ के पक्ष में मतदान किया था। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पीएमएल–एन के बीच सत्ता–साझा करने को लेकर बनी सहमति के अनुसार, 71 वर्षीय गिलानी के संसद के उच्च सदन का अगला अध्यक्ष बनने की उम्मीद है। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, वर्ष 2008 से 2012 तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने वाले गिलानी का मुकाबला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के चौधरी इलियास मेहरबान से होगा। मेहरबान सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार होंगे, क्योंकि पीटीआई का नेशनल असेंबली में प्रतिनिधित्व नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि खान की पार्टी चुनाव नहीं लड़ सकती। पांच अन्य सीनेट सीट के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के कुल 19 उम्मीदवार मैदान में हैं।



# चीन के 2 सेशन पर क्यों दुनिया की नजर, क्या रहने वाले हैं इस बार के मुद्दे

चीन यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कोशिश करता है कि संसदीय सत्र के दौरान कोई शर्मनाक घटना न हो, जिसे कम्युनिस्ट पार्टी इस सबूत के रूप में पेश करती है कि वह सत्ता पर अपने एकाधिकार के बावजूद लोगों को जवाब देती है। चीन में देश की सबसे बड़ी विधायिका और राजनीतिक सलाहकार निकाय की सबसे बड़ी राजनीतिक सभा आयोजित की जा रही है। इसे दो सत्र कहा जाता है। ये सालाना सत्र मौजूदा और लंबे समय तक चलने वाले मुद्दों को संबोधित करने के लिए चीन के शासन की शक्ति और दृष्टि प्रदान करता है। ये सत्र, पूरे चीन से हजारों प्रतिनिधियों की मेजबानी करने की उम्मीद करते हैं, चीन की सर्वोपरि वार्षिक राजनीतिक सभाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो 14वीं नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) की असेंबली और चीनी पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस (सीपीपीसीसी) की 14वीं समिति का आयोजन करती हैं।सोमवार से शुरू हुई पहली बैठक चीन की राजनीतिक सलाहकार समिति, चीनी पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस (सीपीपीसीसी) की एक सभा है। समूह के सदस्यों में याओ मिंग और जैकी चौन जैसी चीन की कई सबसे प्रसिद्ध हस्तियां शामिल हैं। लेकिन इसकी चर्चा अपेक्षाकृत कम जोखिम वाली होती हैरू प्रतिनिधि कानून निर्माताओं को नीतिगत सुझाव प्रदान करते हैं, जिनका अक्सर राष्ट्रीय नीति पर बहुत कम प्रभाव पड़ता है। ष्दो सत्रोंष का वास्तविक फोकस देश की विधायिका नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) की बैठक है। विधायिका के दो–तिहाई सदस्य कम्युनिस्ट पार्टी से आते हैं। पारित होने वाले अधिकांश विधेयकों के बारे में पार्टी नेताओं ने काफी पहले ही निर्णय ले लिया है, जिसके कारण इसे रबर–स्टैंप संसद के रूप में वर्णित किया जा रहा है। कितना महत्वपूर्ण है? चीन यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कोशिश करता है कि संसदीय सत्र के दौरान कोई शर्मनाक घटना न हो, जिसे कम्युनिस्ट पार्टी इस सबूत के रूप में पेश करती है कि वह सत्ता पर अपने एकाधिकार के बावजूद लोगों को जवाब देती है। ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में बैठक स्थल को नया रूप दिया गया है, यातायात बंद कर दिया गया है, नीले आसमान की गारंटी के लिए कारखाने बंद कर दिए गए हैं, सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी हर कोने पर छिपे हुए हैं और राजनीतिक असंतुष्टों को घेर लिया जाता है। हर साल एक ऐसा समय होता है जब देश के सबसे शक्तिशाली राजनेता एक ही स्थान पर होते हैं, जिससे यह राजनीतिक खरीद–फरोख्त, खुुशी–खुुशी और पीठ में छुरा घोंपने का एक प्रमुख स्थान बन जाता है। हर पांच साल में संसदीय सत्र में राष्ट्रपति की नियुक्ति भी होती है। पिछले साल, शी जिनपिंग ने इस पद पर अपना तीसरा कार्यकाल शुरू किया। इस साल के ष्दो सत्रष में प्रीमियर ली कियांग द्वारा प्रस्तुत की गई पहली वार्षिक सरकारी कार्य रिपोर्ट भी शामिल होगी। पिछले साल की बैठक में देश के नंबर दो स्थान पर आ गए थे। शीर्ष मुद्दे क्या हैं? उपभोक्ता गतिविधि में गिरावट और संपत्ति क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे संकट से घिरी अर्थव्यवस्था, इस वर्ष की सभा में सबसे अधिक ध्यान से देखा जाने वाला विषय होगा। सम्मेलन में प्रतिनिधि 2024 के लिए आधिकारिक विकास लक्ष्य निर्धारित करेंगे, जो पिछले साल 5.2 प्रतिशत के राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद के विस्तार के बाद होगा। सैन्य खर्च पर विवरण जारी करने से वर्तमान भू–राजनीतिक परिस्थितियों में चीन के विश्वास के संकेत मिलेंगे, क्योंकि ताइवान जलडमरूमध्य में तनाव बना हुआ है और यूक्रेन में रूस का युद्ध अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है।



# अगर सबूत हैं...मलेशिया एयरलाइंस की तलाश 10 साल बाद फिर से हो सकती है शुरू

मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने सोमवार को कहा कि अगर ठोस सबूत सामने आते हैं तो उन्हें विमान की खोज फिर से शुरू करने में खुशी होगी। मेलबर्न की यात्रा के दौरान इस मामले के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अगर इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि इसे फिर से खोलने की जरूरत है, तो हम निश्चित रूप से इसे फिर से खोलने में खुश होंगे। दुनिया ने 10 साल पहले 9 मार्च के दिन सबसे हैरान करने वाली और दिल दहला देने वाली विमानन त्रासदी देखी थी। मलेशिया एयरलाइंस की उड़ान डभ्370 8 मार्च 2014 को अनुत्तरित प्रश्नों और अकथनीय दुःख के निशान को पीछे छोड़ते हुए हवा में गायब हो गई। 239 लोगों के साथ मलेशियाई उड़ान एमएच–370 के रहस्यमय तरीके से लापता होने के दस साल बाद, मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने सोमवार को कहा कि अगर ठोस सबूत सामने आते हैं तो उन्हें विमान की खोज फिर से शुरू करने में खुशी होगी। मेलबर्न की यात्रा के दौरान इस मामले के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अगर इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि इसे फिर से खोलने की जरूरत है, तो हम निश्चित रूप से इसे फिर से खोलने में खुश होंगे। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह कोई तकनीकी मुद्दा है। यह लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाला मुद्दा है और जो भी करने की जरूरत है वह किया जाना चाहिए। मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई प्रधान मंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि उन यात्रियों के प्रियजन लगातार दुःख झेल रहे हैं क्योंकि उन्होंने गहरा अफसोस व्यक्त किया है कि इसका पता नहीं लगाया जा सका। हम समझते हैं कि इस समय, लोगों के लिए यह बहुत कठिन समय होगा क्योंकि उन्हें एक सफल खोज मिशन के साथ आने वाली निश्चितता नहीं दी गई थी। गौरतलब है कि एक बोइंग विमान 777–200म्त, जिसमें 227 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे। ये विमान कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुआ और बीजिंग के रास्ते में था जब यह बिना किसी निशान के अचानक गायब हो गया। व्यापक खोज अभियान और अनगिनत व्यक्तियों के अथक प्रयासों के बावजूद, विमान कभी नहीं मिला। उस दिन के बाद से जो साल गुजर चुके हैं, उसने इसके गायब होने के रहस्य को और गहरा कर दिया है। हालांकि कई वर्षों बाद मलबे की खोज की गई थी, लेकिन यह विमान या उसमेंसवार यात्रियों के बारे मेंकोई निर्णायक सबूत देने मेंविफल रहा है। जनवरी 2015 में मलेशियाई सरकार द्वारा सभी 239 यात्रियों और चालक दल को मृत मान लेने की घोषणा ने पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के दुख और दुख को और गहरा कर दिया।



# पाकिस्तान में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार महमूद अचकजई के आवास पर छापेमारी

बलूचिस्तान के 75 वर्षीय नेता अचकजई पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के प्रमुख हैं और उन्हें पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी के जेल में बंद नेता इमरान खान ने पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के खिलाफ राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतारा था। कराची। पाकिस्तान में राष्ट्रपति चुनाव से पहले पुलिस ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और वरिष्ठ राजनेता महमूद खान अचकजई के आवास पर छापेमारी की और एक सरकारी भूखंड को उनके द्वारा किए गए ''अवैध कब्जे'' से मुक्त कराया। यह कार्रवाई बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में की गई। बलूचिस्तान के 75 वर्षीय नेता अचकजई पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के प्रमुख हैं और उन्हें पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी के जेल में बंद नेता इमरान खान ने पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के खिलाफ राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतारा था। क्वेटा में अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने रविवार को अचकजई के आवास पर छापेमारी की और उनके द्वारा ''अवैध रूप से कब्जाए गए'' सरकारी स्वामित्व वाले भूखंड को मुक्त कराया। अचकजई नौ मार्च को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के 68 वर्षीय नेता जरदारी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे, जो शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के उम्मीदवार हैं। राजनीतिक और नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं के साथ–साथ मीडिया ने छापे की कड़ी निंदा की है। क्वेटा के उपायुक्त साद असद ने कहा कि छापेमारी इसलिए की गई क्योंकि पीकेएमएपी अध्यक्ष ने अपने आवास पर 2.5 कनाल (0.3 एकड़) जमीन के एक टुकड़े पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था, जो सरकार का था।



# जर्मनी में एक वृद्धाश्रम में आग लगने से चार व्यक्तियों की मौत, कम से कम 21 घायल



पुलिस ने कहा कि एक अग्निशमन कर्मी और एक पुलिस अधिकारी भी घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। डीपीए की खबर के अनुसार, जिन लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है, उनके अलावा 46 अन्य निवासियों को वहां से निकाला गया और उनकी संभावित चोटों की जांच की जा रही है। बर्लिन। पश्चिमी जर्मन प्रांत नॉर्थ राइन–वेस्टफेलिया के बेडबर्ग–हाऊ में एक वृद्धाश्रम में आग लगने से चार व्यक्तियों की मौत हो गई और कम से कम 21 लोग घायल हो गए। जर्मनी की समाचार एजेंसी डीपीए ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि एक अग्निशमन कर्मी और एक पुलिस अधिकारी भी घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। डीपीए की खबर के अनुसार, जिन लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है, उनके अलावा 46 अन्य निवासियों को वहां से निकाला गया और उनकी संभावित चोटों की जांच की जा रही है। खबर में कहा गया है कि रविवार रात में लगी आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन दमकलकर्मी अब भी घटनास्थल पर काम कर रहे हैं। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# बाइडेन–ट्रंप के बीच ब्लंडर करने की मची होड़! अब ओबामा को बताया वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति

ट्रंप की तरफ से भी इस तरह की चूक हो रही है। एक रैली में ट्रंप ने जो बाइडेन की जगह बराक ओबामा को अमेरिकी राष्ट्रपति बता दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने वर्जीनिया में एक रैली में बराक ओबामा को जो बाइडेन समझ लिया, जिससे संभावित रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की उम्र के बारे में और सवाल उठने लगे। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर राजनीतिक घमासान तेज होता जा रहा है। 5 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए इस बार भी जंग जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच होनी तय मानी जा रही है। दोंनों ही तरफ से एक–दूसरे पर जुबानी हमले भी लगातार जारी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की तरफ से सार्वजनिक मंच पर कई बार ऐसी गलती हो जाती है जिसकी वजह से सोशल मीडिया में उनका मजाक बनाया जाता है और उनकी बढ़ती उम्र को इसकी वजह भी बताया जाता है। लेकिन ट्रंप की तरफ से भी इस तरह की चूक हो रही है। एक रैली में ट्रंप ने जो बाइडेन की जगह बराक ओबामा को अमेरिकी राष्ट्रपति बता दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने वर्जीनिया में एक रैली में बराक ओबामा को जो बाइडेन समझ लिया, जिससे संभावित रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की उम्र के बारे में और सवाल उठने लगे। क्रमशः 77 और 81 साल की उम्र के साथ ट्रम्प और बाइडेन अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति पद के लिए दौड़ने वाले सबसे उम्रदराज उम्मीदवार हैं। ट्रम्प ने रिचमंड में कहा कि पुतिन के मन में ओबामा के लिए इतना कम सम्मान है कि वह परमाणु शब्द को उछालना शुरू कर रहे हैं। आपने वो सुना वो आज परमाणु हथियारों पर बात करना शुरू कर रहे हैं। कथित तौर पर भीड़ चुप हो गई क्योंकि ट्रम्प ने ओबामा का जिक्र किया जो सात साल से अधिक समय पहले ही व्हाइट हाउस छोड़ चुके हैं। पिछले छह महीनों में यह तीसरी बार है जब ट्रम्प से चूक हुई है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की अन्य गलतियों में उनकी रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली को पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी के साथ भ्रमित करना शामिल है। 52 वर्षीय हेली, जिन्होंने रिपब्लिकन नामांकन की दौड़ में बने रहने के लिए ट्रम्प और कई प्राथमिक हार को चुनौती दी है, ने खुद को युवा, स्वस्थ विकल्प के रूप में पेश करने की कोशिश की है – अपने अभियान विज्ञापनों में ट्रम्प और बिडेन को ग्रम्पी ओल्ड मेन के रूप में संदर्भित किया है। ट्रम्प की गलती उस दिन सामने आई जब बिडेन ने दो बार यूक्रेन और गाजा को भ्रमित किया जब उन्होंने घोषणा की कि अमेरिका गाजा में फिलिस्तीनियों को मानवीय आपूर्ति प्रदान करेगा जो इजरायली बमबारी और नाकेबंदी के कारण भूख से मर रहे हैं।



# अभी भी नहीं भूल पाया है पाकिस्तान, शहबाज शरीफ ने नेशनल असेंबली में क्या बोला?

शहबाज शरीफ पुराने सरकार के साथ हाथ मिलाना चाहते हैं। लेकिन वो इस बात को दोहरा रहे थे कि कोविड से पहले हम सरकारों के पास गए। लेकिन सरकार ने हमारी एक नहीं सुनी। शहबाज शरीफ ने कहा कि ऐसे कई मसले हुए जब हम सारे मतभेद भुलाकर सरकार के साथ खड़े थे बार–बार तख्तापलट के लिए बदनाम देश की शक्तिशाली सेना के साथ अपने सौहार्दपूर्ण संबंधों और भाग्य के कारण एक बार फिर वो नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए हैं। पाकिस्तान के नए निर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने पहले भाषण में भारत, कश्मीर और विंग कमांडर अभिनंदन का जिक्र किया है। पीएम निर्विाचित होते ही शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान की निर्धारित पॉलिसी का पालन करते हुए वही पुराना कश्मीर का राग अलापा। लेकिन इसी के साथ–साथ विंग कमांडर अभिनंदन और फिलिस्तीन जैसे मुद्दों पर भी बोले। लेकिन सबसे पहले पूरे एक घंटे तक देश किस हाल में है वो लोगों को बताते रहे। हालांकि पूरा फोकस शहबाज शरीफ का देश के आर्थिक हालात, जी20 और कर्ज पर था। लेकिन इसी बीच उन्होंने विंग कमांडर अभिनंदन का जिक्र करना नहीं छोड़ा। इसके अलावा उन्होंने गाजा और फिलिस्तीन संकट पर भी चर्चा की। इसे भी पढ़ेंरू पाकिस्तान के एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर 8 कंधों के सहारे कहां तक जाएंगे, छोटे शरीफ के सामने आगे कौन–कौन सी चुनौतियां? शहबाज शरीफ पुराने सरकार के साथ हाथ मिलाना चाहते हैं। लेकिन वो इस बात को दोहरा रहे थे कि कोविड से पहले हम सरकारों के पास गए। लेकिन सरकार ने हमारी एक नहीं सुनी। शहबाज शरीफ ने कहा कि ऐसे कई मसले हुए जब हम सारे मतभेद भुलाकर सरकार के साथ खड़े थे। उन्होंने विंग कमांडर अभिनंदन का भी जिक्र किया। शहबाज शरीफ ने कहा कि आप भूल गए कि अपने मेंबरों को तो आप एजेंसियों के जरिए साधते थे। लेकिन मुश्किल वक्त में हमने खुद आगे बढ़ते हुए आपका साथ दिया क्योंकि ये पाकिस्तान का मसला था। कश्मीर के लिए जब अभिनंदन यहां आया। हम सारे मतभेद भुलाकर इकट्ठा हुए। आप नहीं आए, हम वहां बैठे रहे। इसे भी पढ़ेंरू चंपेजंद संभलता नहीं और कश्मीर चाहिए, पीएम बनते ही नेशनल असेंबली में शहबाज शरीफ ने भारत के खिलाफ उगला जहर पीएमएल–एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संयुक्त उम्मीदवार शहबाज (72) को 336 सदस्यीय सदन में 201 वोट मिले,

जो सदन का नेता बनने के लिए आवश्यक मतों से 32 अधिक हैं। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के उनके

प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को 92 वोट मिले।

नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सरदार एयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा करते हुए शहबाज को पाकिस्तान का 24वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया।



# आईपीएल 2024 सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाजी कोच बने जेम्स फ्रैंकलिन, डेल स्टेन की जगह लेंगे



आईपीएल 2024 से पहले न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन को अपना तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। फ्रैंकलिन ने इस तरह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन की जगह ली जिन्होंने फ्रेंचाइजी से व्यक्तिगत कारणों से उन्हें इस सत्र का ब्रेक देने का अनुरोध किया था। सनराइजर्स हैदराबाद ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन को अपना तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। फ्रैंकलिन ने इस तरह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन की जगह ली जिन्होंने फ्रेंचाइजी से व्यक्तिगत कारणों से उन्हें इस सत्र का ब्रेक देने का अनुरोध किया था।

वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने सोशल मीडिया के जरिए इसकी घोषणा की। फ्रेंचाइजी ने लिखा, ''डेल स्टेन व्यक्तिगत कारणों से इस सत्र में टीम के साथ नहीं जुड़ेंगे जिससे इस सत्र में तेज गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी जेम्स फ्रैंकलिन को दी गयी है। जेम्स आपका स्वागत है। '' न्यूजीलैंड के लिए 2001 से 2013 के बीच 31 टेस्ट, 110 वनडे और 38 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके फ्रैंकलिन ने 2011 और 2021 आईपीएल सत्र में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया था। लेकिन आईपीएल में बतौर कोच यह उनका पहला कार्यकाल होगा। 43 वर्षीय फ्रैंकलिन के पास इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में डरहम को कोचिंग देने का अनुभव है और साथ ही वह पाकिस्तान सुपर लीग की टीम इस्लामाबाद यूनाईटेड के सहायक कोच भी रह चुके हैं। सनराइजर्स हैदराबाद में फ्रैंकलिन अपने पूर्व साथी डेनियल विटोरी से जुड़ेंगे जिन्हें 2023 आईपीएल के बाद टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2024 में अपना अभियान 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुरू करेगी।

# मुंबई 48वीं बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंची, सेमीफाइनल में तमिलनाडु को दी मात



मुंबई ने तमिलनाडु को 70 रन से मात दी है। इसके साथ ही टीम रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। ये 48वीं बार है जब मुंबई रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। निर्णायक मैच में मुंबई की भिड़ंत पहले सेमीफाइनल विजेता टीम से होगी। पहला सेमीफाइनल मैच विदर्भ और मध्यप्रदेश के बीच खेला जा रहा है। वहीं रणजी ट्रॉफी 2024 का फाइनल मुकाबला 10 मार्च से 14 मार्च के बीच खेला जाएगा। रणजी ट्रॉफी 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में मुंबई ने तमिलनाडु को 70 रन से मात दी है। इसके साथ ही टीम रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। ये 48वीं बार है जब मुंबई रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। निर्णायक मैच में मुंबई की भिड़ंत पहले सेमीफाइनल विजेता टीम से होगी। पहला सेमीफाइनल मैच विदर्भ और मध्यप्रदेश के बीच खेला जा रहा है। वहीं रणजी ट्रॉफी 2024 का फाइनल मुकाबला 10 मार्च से 14 मार्च के बीच खेला जाएगा। ये मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा सकता है। सेमीफाइनल में शार्दुल ठाकुर ने शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन किया। उन्होंने 109 रन बनाने के साथ ही दोनों पारियों में मिलकर 4 विकेट भी लिए। ऐसे में उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मुकाबले की बात करें तो तमिलनाडु ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में सभी विकेट खोकर 146 रन बनाए। विजय शंकर ने सबसे ज्यादा 44 रन की पारी खेली। उनके अलावा वॉशिंगटन सुंदर ने 43, एम मोहम्मद ने 17 और एस अजित राम ने 15 रन बनाए। मुंबई की ओर से तुषार देशपांडे ने 3 विकेट जबकि शार्दुल–तनुश कोटियन और मुशीर खान को 2–2 और मोहित अवस्थी को 1 सफलता मिली है। वहीं जवाब में मुंबई ने पहली पारी में शार्दुल ठाकुर (109) के शतक की बदौलत 378 रन बनाए। ठाकुर के अलावा तनुष कोटियन ने 89, मुशीर खान ने 55 और हार्दिक तमोरे ने 35 रन बनाए। तमिलनाडु की ओर से कप्तान साई किशोर ने सबसे ज्यादा 6 विकेट चटकाए। साथ ही कुलदीप सेन ने 2 और संदीप वारियर वॉशिंगटन ने 1–1 विकेट झटका। मुंबई के पास पहली पारी के आधार पर 232 रनों की बढ़त थी। ऐसे में मुंबई ने तमिलनाडु को फॉलोआ खेलने के लिए बुलाया।

साथ ही रणजी ट्रॉफी का फाइनल मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा सकता है। एमसीए के एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि, संभावना है कि वानखेड़े ही आयोजन स्थल होगा।

# केएल राहुल लौटे स्वदेश, चोट के बाद अब आईपीएल 2024 में करेंगे वापसी



राहुल क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट नहीं खेल पाए थे। जिसके लिए उन्होंने पिछले साल सर्जरी कराई थी। वहीं अब वो इंडियन प्रीमियर लीग के लिए फिट होने की राह पर हैं। अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द महसूस करते हुए, राहुल ने अपनी चोट पर विशेषज्ञ की राय लेने के लिए लंदन की यात्रा की थी। भारतीय टीम के बल्लेबाज केएल राहुल लंदन से स्वदेश लौट चुके हैं। दरअसल, राहुल क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट नहीं खेल पाए थे। जिसके लिए उन्होंने पिछले साल सर्जरी कराई थी। वहीं अब वो इंडियन प्रीमियर लीग के लिए फिट होने की राह पर हैं। अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द महसूस करते हुए, राहुल ने अपनी चोट पर विशेषज्ञ की राय लेने के लिए लंदन की यात्रा की थी। एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि, उन्होंने लंदन में टॉप चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्थ किया था। वह रविवार को भारत लौटे और पुनर्वास के लिए बेंगुलुरु स्थिति एनसीए में जांच की है। उन्हें जल्द ही एनसीए से रिटर्न टू प्ले सर्टिफिकेट मिलना चाहिए। वह अपनी योग्यता साबित करने के लिए उत्सुक हैं। आईपीएल में वह कीपर बल्लेबाज के रूप में भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीममें चयन के लिए कतार में हैं। कीपर बल्लेबाज के रूप में एक शानदार वनडे वर्ल्ड कप के बाद, उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में शानदार शतक के साथ भारत की टेस्ट टीम में अपना स्थान फिर से हासिल कर लिया है। हालांकि, वह भारत और इंग्लैंड पहले टेस्ट में विकेटकीपिंग नहीं कर पाए, उन्होंने महत्वपूर्ण 8 रन बनाए।

फिलहाल, केएल राहुल टी20 से बाहर हैं। राहुल ने आखिरी टी20 मैच नवंबर 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में खेला था। उसके बाद से उन पर विचार नहीं किया गया। लेकिन लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए बल्ले से शानदार आईपीएल 2024 केएल राहुल के लिए चीजें बदल सकता है।

# इंजमाम ने पीसीबी पर उठाए सवाल, कहा– वहाब और हाफीज को एक साथ जिम्मेदारी मिली फिर एक ही को क्यों...




इंजमाम उल हक ने मोहम्मद हफीज को हाल में खराब नतीजों के कारण टीम निदेशक पद से हटाने के लिये देश के क्रिकेट बोर्ड की आलोचना की। इंजमाम ने साथ ही कहा कि जब अधिकारी ही टीम के प्रदर्शन के लिए कोई जिम्मेदारी उठाने से इनकार कर रहे हैं तो प्रशासनिक भूमिका निभा रहे पूर्व खिलाड़ियों को निशाना बनाना अनुचित है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने मोहम्मद हफीज को हाल में खराब नतीजों के कारण टीम निदेशक पद से हटाने के लिये देश के क्रिकेट बोर्ड की आलोचना की। इंजमाम ने साथ ही कहा कि जब अधिकारी ही टीम के प्रदर्शन के लिए कोई जिम्मेदारी उठाने से इनकार कर रहे हैं तो प्रशासनिक भूमिका निभा रहे पूर्व खिलाड़ियों को निशाना बनाना अनुचित है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आस्ट्रेलिया से टेस्ट श्रृंखला में मिली 0–3 की हार के बाद न्यूजीलैंड से टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृखंला में मिली 1–4 की हार के बाद पिछले महीने हफीज से नाता तोड़ लिया था। हफीज का अनुबंधा शुरू में कम समय के लिए था लेकिन खेल मंत्रालय की सिफारिश के बाद न्यूजीलैंड में टी20 श्रृंखला के बाद इसे समाप्त कर दिया गया। इंजमाम ने एक टीवी शो पर कहा, ''क्या कोई मुझे मोहम्मद हफीज को टीम निदेशक पद से हटाने तथा आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दौरे के बाद मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज को बरकरार रखने के पीछे का कारण समझा सकता है। '' उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा, ''क्या दोनों को एक ही समय नियुक्त नहीं किया गया था और दोनों को एक ही जिम्मेदारी नहीं सौंपी गयी थी तो फिर सिर्फ हफीज को ही जिम्मेदार क्यों ठहराया गया और वहाब रियाज को नहीं? ''पिछले साल विश्व कप के दौरान इंजमाम ने मुख्य चयनकर्ता पद से इस्तीफा दे दिया था, उन्होंने पीसीबी से खिलाड़ियों का सम्मान करने का अनुरोध किया। इंजमाम ने कहा, ''इसमें कोई शक नहीं कि पीसीबी के चेयरमैन का पद बहुत सम्मानजनक है तो क्या पूर्व कप्तान और पूर्व दिग्गज भी बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों से इसी तरह का सम्मान पाने का हकदार नहीं हैं। ''इंजमाम ने साथ ही आरोप लगाया कि हितों के टकराव के आरोपों पर बोर्ड के साथ उनके विवाद पर पूर्व पीसीबी चेयरमैन जका अशरफ द्वारा सम्मान नहीं दिखाया गया था। उन्होंने कहा कि अशरफ के रवैये से उन्हें काफी दुख हुआ था। उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान क्रिकेट इस तरीके से नहीं चलाया जा सकता। अब समय आ गया है जब बोर्ड के अधिकारियों को भी अपने काम के लिए जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

# राधा यादव और जेमिमा रोड्रिगेज के बीच हुई बातचीत, देखें मजेदार वीडियो




राधा और जेमिमा दोनों ही दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा हैं। वहीं जेमिमा के लिए ये मैच कुछ खास नहीं रहा और वह 10 गेंदों में सात ही रन बना पाईं और आउट हो गई। मैच के बाद जेमिमा ने बताया कि राधा हर मैच से पहले विराट कोहली के एग्रेशन वाले वीडियो देखकर खेलने उतरती हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग 2024 में 3 मार्च को गुजरात जायंट्स के खिलाफ 25 रनों से जीत दर्ज कर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को और पुख्ता कर दिया है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की जीत के बाद महिला प्रीमियर लीग के आधिकारिक ग अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में जेमिमा रोड्रिगेज और राधा यादव के बीच बातचीत हुई है। बता दें कि, राधा और जेमिमा दोनों ही दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा हैं। राधा यादव ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ चार ओवर में महज 20 रन खर्चकर तीन विकेट चटकाए। वहीं जेमिमा के लिए ये मैच कुछ खास नहीं रहा और वह 10 गेंदों में सात ही रन बना पाईं और आउट हो गई। मैच के बाद जेमिमा ने बताया कि राधा हर मैच से पहले विराट कोहली के एग्रेशन वाले वीडियो देखकर खेलने उतरती हैं। वहीं जेमिमा ने मैच के बाद राधा को लेकर एक खुलासा किया और कहा कि, मैं राधा के फोन पर यूट्यूब पर गाने चला रही थी, और यूट्यूब हिस्ट्री में पता है क्या था? विराट कोहली एग्रेशन वीडियो, वो रोज मैच से पहले विराट कोहली एग्रेशन वीडियो देखकर जाती है। उसके बारे में जरा बताओ आप? इस पर राधा कहती हैं कि, मैच में थोड़ा पम्प्ड अप रहना चाहिए। वो मेरे आइडिल हैं, उनको मैं मैच से पहले हमेशा देखती हूं। वो किस पैशन से खेलते हैं।

# न्यूजीलैंड टीम के पाकिस्तान दौरे पर खतरा! सिक्योरिटी डेलिगेशन करेगी पहले पुख्ता जांच

इसी साल अप्रैल में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करना है। इससे पहले, न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने एक सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल कीवी टीम के दौरे की तैयारियों का जायजा लेने पाकिस्तान पहुंचा है। प्रतिनिधिमंडल, जिसमें एनजेडसी के दो सदस्य और एक स्वतंत्र सुरक्षा विशेषज्ञ शामिल हैं।न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को अप्रैल में टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करना है। इससे पहले, न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने एक सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल कीवी टीम के दौरे की तैयारियों का जायजा लेने पाकिस्तान पहुंचा है। प्रतिनिधिमंडल, जिसमें एनजेडसी के दो सदस्य और एक स्वतंत्र सुरक्षा विशेषज्ञ शामिल हैं। लाहौर, रावलपिंडी और इस्लामाबाद का दौरा करने के लिए पाकिस्तान पहुंचे हैं। फिलहाल, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच टी20 की सीरीज अप्रैल के मध्य में खेली जाएगी और मुकाबले लाहौर और रावलपिंडी में होंगे। इस प्रतिनिधिमंडल में न्यूजीलैंड प्लेयर्स एसोसिएशन के सीईओ भी शामिल हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने कहा कि, सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल मैच स्थलों, होटलों का दौरा करेगा जहां टीमें ठहरेंगी और न्यूजीलैंड टीम के लिए सुरक्षा योजना पर सरकार और सुरक्षा अधिकारियों से जानकारी भी लेगा। न्यूजीलैंड की टीम सितंबर 2021 में पाकिस्तान में अपनी व्हाइट बॉल सीरीज का एक भी मैच खेले बिना घर लौट गई थी क्योंकि उनकी सरकार ने उन्हें टीम के खिलाफ एक विश्वसनीय खतरे के बारे में जानकारी मिलने के बाद वापस आने का आदेश दिया था। वहीं कीवी टीम पाकिस्तान दौरे पर अपने अहम खिलाड़ियों के बिना ही आएगी। दरअसल, अधिकतर खिलाड़ी अप्रैल में आईपीएल 2024 में खेल रहे होंगे। न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम 14 अप्रैल को पाकिस्तान आएगी और दोनों टीमों के बीच पहला टी20 मैच 18 अप्रैल को खेला जाएगा। फिलहाल, न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 टेस्ट मैच की सीरीज खेल रही है।

# हड्डियों में भर दे जान, आंखों के लिए वरदान से कम नहीं हरी मिर्च, जानें फायदे



स्पाइसी खाना हम चटकारे मार–मारकर खाते हैं. इन्हें स्वादिष्ट और तीखा बनाने का काम हरी मिर्च का होता है. हरी मिर्च भारत में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होता है. तीखे से बचने के लिए बहुत से लोग हरी मिर्च खाने से बचते हैं. हालांकि, यह सेहत के लिए मिर्च जबरदस्त तरीके से फायदा पहुंचाता है. यह सेहत के लिए वरदान से कम नहीं है. इसके अनगिनत फायदे हैं. वजन कम करने से लेकर आंखों की रोशनी बढ़ाते तक में हरी मिर्च मददगार होता है. जानिए इसके बेनिफिट्स.

..

हरी मिर्च क्यों इतना फायदेमंद

कई बीमारियां हरी मिर्च खाने से ही ठीक हो सकती हैं. आयुर्वेदिक एक्सपर्ट्स के मुताबिक, हरी मिर्च में कैप्साइसिन नाम का कंपाउंड मौजूद होता है, जो पाचन को दुरुस्त बनाने का काम करता है. यह दर्द को दूर करने के काम भी आता है. शरीर के किसी हिस्से में दर्द को हरी मिर्च से ठीक कर सकते हैं. इसमें विटामिन सी भी खूब पाया जाता है, जो वेट कंट्रोल करने में कारगर होता है.

हरी मिर्च के कई और फायदे

हरी मिर्च में फाइबर का खजाना होता है. इसका जीरो कोलेस्ट्रॉल हार्ट के लिए अच्छा माना जाता है. इसके अलावा हरी मिर्च में पोटेशियम, मैग्नीशियम और अमीनो एसिड पाया जाता है, जिससे शरीर का ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है और कई बीमारियां नहीं होती हैं. बीपी के मरीजों के लिए हरी मिर्च फायदेमंद हो सकती है. हरी मिर्च में पाया जाने वाला विटामिन ए आंखों की सेहत के लिए अच्छा होता है. इससे आंखों की रोशनी बढ़ती है. आयरन बॉडी में हीमोग्लोबिन लेवल को ठीक करता है. मैग्नीशियम हड्डियों को मजबूत बनाता है और हड्डियों में जान भरने में मदद करता है.

हरी मिर्च का सेवन कितना करना चाहिए

आयुर्वेदिक एक्सपर्ट्स के मुताबिक, किसी भी चीज का सेवन ज्यादा नहीं करना चाहिए. हरी मिर्च को लेकर भी ऐसा ही है. अगर हरी मिर्च खाते हैं तो कोशिश करें कि दिन में दो या तीन से ज्यादा न खाएं. क्योंकि इसकी वजह से पेट में जलन जैसी समस्याएं हो सकती हैं. इससे पाइल्स की समस्या भी बढ़ सकती है. इसकी वजह से दूसरी समस्याएं भी ट्रिगर कर सकती हैं.

# अक्सर शरीर में होने वाले दर्द को न करें इग्नोर, जानें इसका कारण और ठीक करने का तरीका



बदलते मौसम में शरीर में दर्द और अकडन की समस्या बढ़ जाती है. ऐसी स्थिति में हम आपको बता रहे हैं कुछ खास उपाय जिसकी मदद से आप निजात पा सकते हैं.

इन दिनों मौसम तेजी से बदल रहा है. ऐसी स्थिति में शरीर में दर्द और अकडन की शिकायत हो रही है. हर कोई सुबह उठने के साथ हड्डियों और मांसपेशियों में दर्द और अकडन से परेशान है.

वहीं कुछ लोग तो पूरे दिन आलस और नींद महसूस करते हैं. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक यह बदलते मौसम की वजह से हो रहा है. लेकिन सवाल यह है कि बदलते मौसम में क्या वजह है कि शरीर में अकडने और दर्द होता है.

इन दिनों शरीर में दर्द और अकडन की काफी शिकायत हो रही है. क्योंकि टेंपरेचर कम–ज्यादा हो रहा है. जिसके कारण जोड़ों में दर्द, सिरदर्द, गठिया और फाइब्रोमायल्गिया जैसी गंभीर बीमारी ट्रिगर कर सकती है. टेंपरेचर के दबाव के कारण आसपास का वातावरण काफी ज्यादा प्रभावित होता है. जिसके कारण शरीर पर हवा का दबाव कम होता है.इसके कारण टिश्यूज फैलते हैं शरीर के अंदर दबाव बढ़ता है. यही वजह होता है शरीर में दर्द और अकडन का कारण. इस मौसम में शरीर में थोड़ी सुस्ती छा जाती है. टेंपरेचर में गिरावट के कारण जोड़ों में नमी हो जाती है. जिसके कारण सिरदर्द और अकडन हो जाता है.शरीर में दर्द और अकडन के कारण शरीर से जुड़ी कई तरह की समस्या शुरू होती है. इसलिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि इस मौसम में डाइट का खास ख्याल रखें. गर्म चीजें ज्यादा खाएं. साथ ही साथ ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं. इन सब के अलावा सुबह उठकर गुनगुना पानी पिएं. साथ ही एक्सरसाइज करें. जिससे ब्लड सर्कुलेशन तेज होगा. तभी आपको सभी तरह के समस्याओं से निजात मिल पाएगी. मौसम के हिसाब से शरीर को एडजस्ट होने का मौका दें.

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

sheelshukla100@gmail.com

# गोपीचंद की एक्शन ड्रामा भीमा का दमदार ट्रेलर रिलीज, 8 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म



माचो हीरो गोपीचंद फुल–ऑन एक्शन एंटरटेनर भीमा लेकर आ रहे हैं। कुछ समय बाद उन्हें एक क्रूर पुलिस वाले के रूप में देखा जाता है। फिल्म का निर्देशन ए हर्ष ने किया है और श्री सत्य साईं आर्ट्स के बैनर तले केके राधामोहन द्वारा निर्मित है। फिल्म के टीजर से लेकर गाने, प्रमोशनल मटेरियल तक को हर तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिला। जैसे–जैसे रिलीज डेट करीब आ रही है, निर्माताओं ने फिल्म का नाटकीय ट्रेलर जारी कर दिया है।ट्रेलर की शुरुआत फिल्म के आध्यात्मिक पक्ष को दिखाने से होती है। परशुराम उद्धारकर्ता भगवान विष्णु के दशावतार में छठे अवतार हैं। उन्होंने अपनी कुल्हाड़ी से समुद्र को पीछे भेजकर परशुराम क्षेत्र नामक एक अद्भुत भूमि का निर्माण किया। जब राक्षस अपनी क्रूरता से निर्दोषों को परेशान करते हैं, तो भगवान उन्हें रोकने के लिए ब्रह्म रक्षासुडु को भेजते हैं। वह एक क्रूर पुलिस वाला है जो राक्षसों के खिलाफ युद्ध की घोषणा करता है। ट्रेलर में गोपीचंद के दूसरे किरदार का भी परिचय दिया गया है।

कन्नड़ में पावर पैक्ड एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाने वाले निर्देशक ए हर्ष एक जीवन से भी बड़ी कहानी लेकर आए हैं, जिसमें मुख्य कहानी में आध्यात्मिक तत्वों को शामिल किया गया है। गोपीचंद दो बिल्कुल अलग–अलग किरदारों में नजर आए हैं। जहां एक पुलिस वाले के रूप में वह निर्दयी लग रहे हैं, वहीं दूसरा अवतार कहीं अधिक डरावना है। हालाँकि ट्रेलर में नायिका प्रिया भवानी शंकर और मालविका शर्मा सहित अन्य पात्रों को दिखाया गया था, लेकिन मुख्य ध्यान केवल गोपीचंद के दो पात्रों पर था और फिल्म के मूल तत्वों को स्थापित करने पर भी था।स्वामी जे गौड़ा की सिनेमैटोग्राफी प्रभावशाली है, जबकि रवि बसरूर का बैकग्राउंड स्कोर दिलचस्प है। उच्च उत्पादन मूल्य और मजबूत तकनीकी आउटपुट इसे पूरी तरह से भव्य बनाते हैं। ट्रेलर निश्चित रूप से फिल्म के लिए दिशा तय करता है। भीमा 8 मार्च को महा शिवरात्रि पर रिलीज के लिए तैयार हो रही है।

# फिल्म क्रू के पहले गाने का टीजर जारी, नैना में किलर मूव्स दिखाती नजर आईं कृति सेनन

क्रू इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक हैं। फिल्म में तीन अभिनेत्रियों करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की दमदार अदाकारी के साथ ग्लेमर का तड़का लगेगा। फिल्म का धमाकेदार टीजर फैंस को खूब पसंद आया था। वहीं अब फिल्म के निर्माताओं ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए क्रू का पहला गाना रिलीज करने की योजना बनाई है। आज निर्माताओं ने फिल्म के पहले गाने का टीजर जारी किया।फिल्म के पहले गाने का शीर्षक है नैना। इस गाने की टीजर में कृति सेनन नजर आ रही हैं। अभिनेत्री कृति सेनन ने नैना गाने का टीजर रिलीज किया। वीडियो साझा करते हुए उन्होंने गाने की झलक दिखाई। यह गाना 4 मार्च को रिलीज होने के लिए तैयार है। गाने के टीजर वीडियो में कृति सेनन व्हाइट ड्रेस में बेहद बोल्ड नजर आ रही हैं, साथ ही उन्होंने अपने कर्वी फिगर भी फ्लॉन्ट किए।

वीडियो साझा करते हुए कृति ने कैप्शन में लिखा, इससे ज्यादा गर्मी नहीं होती। इस नैना का क्या कहना। गाना चार मार्च को धमाल मचाने आ रहा है। फिल्म का यह गाना दिलजीत दोसांझ ने गाया है। साथ ही बादशाह ने अपना रैप ट्रैक भी जोड़ा है। वहीं अब दर्शकों को तब्बू और करीना कपूर पर फिल्माए हुए गाने के रिलीज होने का भी इंतजार है। क्रू की कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म डकैती पर आधारित ड्रामा है, जिसमें करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन के साथ दिलजीत दोसांझ भी मुख्य भूमिका में हैं। वहीं फिल्म में कपिल शर्मा का भी कैमियो रोल होगा। इस फिल्म का निर्माण एकता कपूर और रिया कपूर ने मिलकर किया है। इससे पहले वे दोनों फिल्म वीरे दी



वेडिंग बना चुकी हैं। वहीं फिल्म का निर्देशन राजेश कृष्णन द्वारा और निर्माता रिया कपूर द्वारा किया गया है। वहीं बात करें क्रू के रिलीज डेट की तो फिल्म 29 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

# आर्टिकल 370 ने कर ली है छप्परफाड कमाई, दुनियाभर में यामी की फिल्म ने लगाई हाफ सेंचुरी



यामी गौतम की लेटेस्ट रिलीज श्आर्टिकल 370श् बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म कर रही है. इस फिल्म को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया है और इसी के साथ श्आर्टिकल 370श् ने अपने पहले हफ्ते में शानदार करोबार किया है. ये फिल्म अब रिलीज के दूसरे हफ्ते में पहुंच चुकी है और अब ये घरेलू बाजार में 50 करोड़ रुपये के क्लब में प्रवेश करने की तैयारी में है. चलिए यहां जानते हैं श्आर्टिकल 370श् ने रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है? कम चर्चा लेकिन अच्छी वर्ड–ऑफ–माउथ के साथ, आदित्य धर की डायरेक्शन फिल्म श्आर्टिकल 370श् ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया है. फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू मिला और इसी के साथ श्आर्टिकल 370श् ने रिलीज के सात दिनों में सॉलिड कमाई कर ली है. हालांकि इस दौरान श्आर्टिकल 370श् के कलेक्शन में उतार–चढ़ाव भी देखा गया.

वहीं फिल्म की कमाई की बात करें तो श्आर्टिकल 370श् की पहले दिन 5.9 करोड़, दूसरे दिन 7.4 करोड़, तीसरे दिन 9. 6 करोड़, चौथे दिन 3.25 करोड़, पांचवे दिन 3.3 करोड़, छठे दिन 3.15 करोड़ और सातवें दिन 3 करोड़ का कलेक्शन किया. इसी के साथ श्आर्टिकल 370श् का एक हफ्ते का कारोबार 35.6 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 8वें दिन यानी सेकंड फ्राइडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक श्आर्टिकल 370श् ने रिलीज के 8वें दिन 2. 75 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसके बाद श्आर्टिकल 370श् का आठ दिनों का कुल कलेक्शन 38.35 करोड़ रुपये हो गया है.

श्आर्टिकल 370श् की वर्ल्डवाइड भी खूब तारीफ हो रही है और इसी के साथ ये फिल्म दुनियाभर में दमदार कलेक्शन कर रही है. यामी गौतम ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के एक हफ्ते के वर्ल्डवाइड कमाई के शुरुआती आंकड़े शेयर किए हैं. इसके मुताबिक श्आर्टिकल 370श् ने दुनियाभर में सात दिनों में हाफ सेंचुरी लगा ली है, यानी फिल्म ने 53.02 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. वहीं अब दूसरे हफ्ते में भी फिल्म के वर्ल्डवाइड शानदार कलेक्शन करने की उम्मीद है.

श्आर्टिकल 370श् में यामी गौतम ने लीड रोल प्ले किया है. फिल्म में अरुण गोविल और प्रियामणि ने भी शानदार रोल निभाया है. ये फिल्म कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने पर बेस्ड है. ये फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इसे यामी गौतम के पति आदित्य धर ने प्रोड्यूस किया है.

# फिर आई हसीन दिलरुबा का टीजर जारी, तापसी पन्नू और विक्रांत मैसी की फिर जमी जोड़ी



बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू इन दिनों अपनी शादी को लेकर लाइमलाइट में हैं. इस बीच उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा के मेकर्स ने टीजर जारी कर दिया है. विनील मैथ्यू के डायरेक्शन में बनी फिल्म हसीन दिलरुबा को दर्शकों का काफी प्यार मिला था. फिल्म की कहानी ने सबका भरपूर एंटरटेनमेंट किया था. अब फिल्म के दूसरे पार्ट यानि फिर आई हसीन दिलरुबा का टीजर सामने आ गया है. नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म के दूसरे पार्ट का टीजर जारी करते हुए लिखा, रिशु और रानी की कहानी में प्यार और पागलपन, दोनों अभी बाकि है. फिर आई हसीन दिलरुबा जल्द नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाला है. टीजर में तापसी और विक्रांत के किरदार और भी सस्पेंस से भरे नजर आ रहे हैं. बता दें कि इस फिल्म का डायरेक्शन जयप्राद देसाई ने किया है.फिल्म के दूसरे पार्ट में और भी नए चेहरे देखने की मिलने वाले हैं. टीजर में सनी कौशल और जिमी शेरगिल भी नजर आ रहे हैं. टीजर की देखकर उम्मीद की जा सकती है फिल्म की कहानी कुछ हटके होने वाली है.

# लेडी सिंघम दीपिका पादुकोण के किरदार पर स्टैंडअलोन फिल्म बनाएंगे रोहित शेट्टी! डायरेक्टर ने बताया प्लान

इन दिनों अपनी सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स को लेकर सुर्खियों में बने बॉलीवुड के एक्शन फिल्म डायरेक्टर रोहित शेट्टी अब अपनी अगली फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चाओं में हैं, जिसमें अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर खान और दीपिका पादुकोण समेत कई कलाकार नजर आ रहे हैं. वहीं, इस फिल्म को लेकर फैंस भी कापी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं. हालांकि, सिंघम अगेन से पहले रोहित शेट्टी अजय देवगन, रणवीर सिंह और अक्षय कुमार के साथ सिंघम, सिंघम रिटर्न्स, सिम्बा और सूर्यवंशी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके हैं, जिनमें सभी के अलग–अलग किरदारों को दिखाया गया है. ऐसे में पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित शेट्टी अब सिंघम अगेन में नजर आने वाली दीपिका पादुकोण के साथ उनके किरदार शक्ति शेट्टी के साथ अलग से एक फिल्म बनाने का प्लान कर रहे हैं.



दीपिका पादुकोण सिंघम अगेन में शक्ति शेट्टी के किरदार में नजर आएंगी, जो एक महिला पुलिसकर्मी हैं. फिल्म में कई कलाकारों की मौजूदगी के बावजूद रोहित शेट्टी ने खुलासा किया है कि वे दीपिका के साथ अलग से फिल्म बनाने की सोच रहे हैं. हाल ही में रोहित शेट्टी ने साझा किया, दीपिका पादुकोण सिंघम अगेन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और वे उनके इस किरदार के साथ एक स्टैंडअलोन फिल्म बनाने का प्लान बना रहे हैं. रोहित शेट्टी ने कहा, वे सभी नायकों में से एक नायक की तरह ही हैं और हम उनके साथ जो कर रहे हैं वो ये है कि हम उनकी कहानी को भी दर्शकों के सामने रखेंगे. हम एक फिल्म बनाएंगे जिसमें केवल दीपिका होंगी ..ये उसकी कहानी होगी...सूर्यवंशी, सिंघम और सिम्बा की तरह फिल्में पहले ही बन चुकी थीं और लोग उनके बारे में जानते थे, लेकिन सिंघम अगेन के साथ हम इन किरदारों को पेश कर रहे हैं और फिर हम दीपिका की कहानी भी बताएंगे. वहीं इस खबर के सामने आने के बाद दीपिका पादुकोण के फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है

# फिल्म लापता लेडीज पहले ही दिन 1 करोड़ के लिए तरसी, लाखों में सिमटी कमाई



किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज 1 मार्च को सिनेमाघरों में आई। फिल्म को दर्शकों के साथ–साथ समीक्षकों से भी बढिया प्रतिक्रिया मिली, लेकिन फिल्म के पहले दिन के बॉक्स ऑफिस आंकड़े निराशाजनक हैं।इस फिल्म की निर्देशक किरण राव हैं, जो 14 साल बाद इसके जरिए निर्देशक की कुर्सी पर बैठी हैं।भले ही फिल्म में उनके निर्देशन की भी तारीफ हुई है, लेकिन फिल्म का टिकट खिड़की पर पहले दिन का हाल अच्छा नहीं रहा।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, लापता लेडीज ने पहले दिन महज 65 लाखे रुपये का कारोबार किया है। इसका सामना बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन से था, जिसने पहले दिन 1.25 करोड़ रुपये कमाए हैं। जाहिर है कि इस फिल्म से लापता लेडीज का कलेक्शन प्रभावित हुआ है।हालांकि, ट्रेड पंडितों ने अनुमान लगाया था कि लापता लेडीज पहले दिन 2 करोड़ रुपये कमा सकती है। वैसे वीकेंड में फिल्म की कमाई में इजाफा होने की उम्मीद है।लापता लेडीज के निर्माता आमिर खान तो किरण ने इसके निर्देशन की कमान संभाली है। इस फिल्म की खासियत यह है कि ये सीधे मुद्दे पर आती है और हंसते–हंसते काम की बात कह जाती है।लापता लेडीज की असली ताकत इसकी कहानी और कलाकारों का अभिनय है।रवि किशन ने पुलिस अधिकारी के किरदार में यादगार अभिनय किया है, वहीं नवोदित कलाकारों ने भी अपनी छाप छोड़ी है। फिल्म की कहानी 2 दुल?हनों के अनजाने में अदला–बदली की है।

हो सकता है कि दर्शकों से मिलीं तारीफों के चलते फिल्म देखने लोग सिनेमाघरों का रुख करें, लेकिन इसके पहले दिना का कलेक्शन तो बेशक चिंताजनक है।

दरअसल, फिल्म का बजट 20 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।इस लिहाज से देखा जाए तो फिल्म को हिट होने के लिए कम से कम 30 करोड़ रुपये का कलेक्शन करना होगा, लेकिन पहले दिन की कमाई देख यह कह पाना मुश्किल है कि ये फिल्म हिट हो पाएगी कि नहीं।

# फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में हैकर की भूमिका निभाएंगी अलाया एफ

बॉलीवुड अभिनेत्री अलाया एफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं।वह इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ अभिनय करती नजर आएंगी।यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।अब फिल्म में अलाया के किरदार से पर्दा उठ चुका है। खबर है कि बड़े मियां छोटे मियां में अलाया पहली बार एक हैकर की भूमिका निभाती नजर आएंगी। प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने कहा, अलाया बड़े मियां छोटे मियां में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैया हैं। वह एक हैकर का किरदार निभाएंगी। यह उनकी पिछली भूमिकाओं से बहुत अलग है। फिल्म में उनका किरदार काफी अहम माना जा रहा है। अलाया का किरदार बड़े मियां छोटे मियां की एक्शन से भरपूर कहानी में दिलचस्प मोड़ लेकर आएगा।बता दें, मानुषी छिल्लर भी फिल्म में हैकर के किरदार में दिखाई देंगी। अलाया ने अपने करियर की शुरुआत 2020 में आई फिल्म जवानी जानेमन के जरिए की थी।वह अब तक फ्रैडी, ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत और यू–टर्न जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।आने वाले दिनों में अलाना बड़े मियां छोटे मियां के अलावा राजकुमार राव के साथॉ श्रीकांत बोला की बायोपिक श्री में नजर आएंगी।





# योद्धा फेम राशि खन्ना ने बाडीकान आउटफिट पहन कराया हाट फोटोशूट, लेटेस्ट तस्वीरों ने इंटरनेट पर मचाया बवाल

बॉलीवुड एक्ट्रेस राशि खन्ना इन दिनों अपनी फिल्म योद्धा का प्रमोशन करने में काफी बीजी हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर अपलोड करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर एक बार फिर से इंटरनेट पर बवाल मचा दिया है।

एक्ट्रेस राशि खन्ना आए दिन इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर के फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा देता है। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।हाल ही में एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में राशि खन्ना का कातिलाना अंदाज देखकर फैंस उन पर अपना दिल हार गए हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस राशि खन्ना ने रेड कलर का बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। बालों को स्टाइल कर के और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपने आउटलुक को काफी शानदार तरीके से कंप्लीट किया है।अबता दें कि इन दिनों एक्ट्रेस राशि खन्ना अपनी फिल्म योद्धा का प्रमोशन करने में काफी व्यस्त हैं। इस दौरन वो अपने आउटफिट से भी लोगों को काफी इंप्रेस कर रही हैं। राशि खन्ना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें लाखों लोग फॉलो करते हैं।

